


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 165 ग्वालियर सोमवार 22 जून 2020 pushpanjalitoday@gmail.com मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस- जो हमें जोड़े और दूरियों को खत्म करे वही योग है : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** छठे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जो हमें जोड़े और दूरियों को खत्म करे, वही योग है। पीएम ने कहा कि इसलिए, इस बार का योग दिवस, भावनात्मक योग का भी दिन है, हमारी बॉन्डिंग को भी बढ़ाने का दिन है। पीएम मोदी ने कहा कि यह विश्व बंधुत्व का दिन है। जो हमें जोड़े, साथ लाए वहीं तो योग है। जो दूरियों को खत्म करे वही तो योग है। हमारी फैमिली बॉन्डिंग को बढ़ाने का दिन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के इस संकट के दौरान दुनिया भर के लोगों का %माई लाइफ-माई योगा% वीडियो ब्लॉगिंग कंपटीशन में हिस्सा लेना, दिखाता है कि योग के प्रति उत्साह कितना बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि इस बार हम सभी घर पर योग कर रहे हैं तो यह योग दिवस फैमिली बॉन्डिंग बढ़ाने का भी दिन है। ज्ञात हो कि कोरोना के खतरे को देखते हुए इस बार योग दिवस पर किसी तरह का सामूहिक आयोजन नहीं किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि बच्चे, बड़े, युवा, परिवार के बुजुर्ग, सभी जब एक साथ योग के माध्यम से जुडते हैं, तो पूरे घर में एक ऊर्जा का संचार होता है। इसलिए, इस बार का योग दिवस, भावनात्मक योग का भी दिन है, हमारी %फैमिली बॉन्डिंग% को भी बढ़ाने का दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कोरोना संकट के दौरान योग की जरूरत बढ़ गई है। योग कोरोना से लड़ने में मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस खासतौर पर हमारे श्वसन तंत्र, यानी कि रेस्पिरेटरी सिस्टम पर अटैक करता है। हमारे रेस्पिरेटरी सिस्टम को मजबूत करने में जिससे सबसे ज्यादा मदद मिलती है, वो है प्राणायाम। उन्होंने कहा कि आप प्राणायाम को अपने नियमित अभ्यास में जरूर शामिल करिए, और अनुलोम-विलोम के साथ ही दूसरी प्राणायाम तकनीकों को भी सीखिए। मालूम हो कि कोरोना वायरस संकट की वजह से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज बिना लोगों के बड़े जमावड़े के डिजिटल मीडिया मंचों पर मनाया जा रहा है। इस साल की योग दिवस की थीम पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना काल में सेहत के लिए योग करें। इससे इम्युनिटी बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद कहते थे- एक आदर्श व्यक्ति वो है जो नितांत निर्जन में भी क्रियाशील रहता है, और अत्यधिक गतिशीलता में भी सम्पूर्ण शांति का अनुभव करता है। किसी भी व्यक्ति के लिए ये एक बहुत बड़ी क्षमता होती है।





### मुख्यमंत्री चौहान ने परिवार के सदस्यों के साथ निवास पर किया योग

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज अपने निवास पर परिवार के साथ योगाभ्यास किया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने कोविड-19 के दृष्टिगत सामूहिक योग आयोजन न कर प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपने घर पर ही योग किए जाने के संबंध में निर्देश जारी किए थे। केंद्र सरकार ने इस वर्ष योग दिवस के अवसर पर घर पर योग, परिवार के साथ योग की थीम दी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास पर परिवार के साथ योग किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ उनकी धर्म पत्नी श्रीमती साधना सिंह, पुत्र श्री कार्तिकेय सिंह और श्री कुणाल सिंह ने भी योग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योग से जीवन में अद्भुत परिवर्तन का अनुभव होता है क्योंकि योग व्यक्ति को शक्ति से, ऊर्जा से और सकारात्मकता से भर देता है। इसलिए एक दिन नहीं, प्रतिदिन योग करना चाहिए इसका विशेष महत्व है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस वर्ष घर पर योग, परिवार के साथ योग की थीम दी है। उसी का पालन करते हुए हमने आज घर पर परिवार के साथ योग किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योग निरोग रहने का, स्वस्थ रहने का सबसे प्रभावी माध्यम है। ये वो विधा है जो वर्षों के अनुसंधान के बाद हमारे महाऋषियों ने, योग गुरुओं ने हमें ही नहीं, विश्व को दी है। आज सारी दुनिया योग की तरफ, निरोग रहने के लिए आ रही है।

## भारत में कोरोना संक्रमित 4 लाख पार

### मौतों का आंकड़ा भी 13 हजार से ज्यादा, सिर्फ 8 दिन में एक लाख केस

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस मामलों को चार लाख का आंकड़ा पार कर लिया। 15,023 नए मामलों के साथ डेली केसेज के सभी पुराने रिकॉर्ड टूट गए। अब देश में कुल 4,10,923 कन्फर्म मामले हैं। शनिवार को 377 मरीजों की मौत हुई, जिसके बाद कोरोना से मरने वालों की संख्या 13,183 हो गई है। भारत में कोरोना का प्रकोप पिछले कुछ दिन में किस तरह बढ़ा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाइए कि पहले एक लाख मामले सामने आने में 109 दिन लगे। जबकि आखिरी के एक लाख (3 से 4 लाख) केस सिर्फ पिछले 8 दिन में आए हैं। पिछले 8 दिन में देश के करीब एक-चौथाई मामले सामने आए हैं। इसी दौरान, कुल मौतों में से 32.6 फीसदी मौतें दर्ज की गईं। दिल्ली में शनिवार को 3,630 नए मामलों का पता चला जो वहां किसी एक दिन आया सबसे बड़ा आंकड़ा है। वहीं महाराष्ट्र से भी रिकॉर्ड 3,874 नए मामले सामने आए। दिल्ली में कोरोना के 77 मरीजों की मौत के साथ मरने वालों की संख्या 2,112 हो गई है। महाराष्ट्र में अब 1,28,205 मामले हैं। वहां शनिवार को 160 मौतों के बाद, मरने वालों की संख्या 5,894 तक पहुंच गई। मुंबई से 1,190 नए मामले आए और 136 लोगों की मौत हुई। नए केसेज के साथ ही देश में रिकवर होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। अबतक इस वायरस से 2,27,705 लोग रिकवर हो चुके हैं यानी देश का रिकवरी रेट 55.4 फीसदी है। तमिलनाडु में शनिवार को 2,396 नए मामले सामने आए। 38 नई मौतों के साथ यहां मरने वालों का आंकड़ा 700 के पार चला गया है। इनमें चेन्नई में हुई 200 से ज्यादा मौतें शामिल नहीं हैं। राज्य में 56,845 कोविड-19 केस हो चुके हैं। चेन्नई और आसपास के जिलों में सख्त लॉकडाउन किया गया है।




### कोरोना के नई दवा लॉन्च की एक टैबलेट की कीमत 103 रुपये

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के इलाज के लिए दवा कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने एक नई दवा पेश की है। मामूली रूप से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए एंटीवायरल दवा फेविपिराविर को फैबिफ्लू ब्रांड नाम से पेश किया गया है। इसकी कीमत 103 रुपये प्रति टैबलेट होगी। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह दवा 200 एमजी के टैबलेट में उपलब्ध होगी। इसके 34 टैबलेट के पत्ते की कीमत 3,500 रुपये होगी। कंपनी का कहना है कि फैबिफ्लू कोरोना वायरस के इलाज के लिए फेविपिराविर दवा है, जिसे मंजूरी मिली है। यह दवा डॉक्टर की सलाह पर 103 रुपये प्रति टैबलेट के दाम पर मिलेगी। पहले दिन इसकी 1800 एमजी की दो खुराक लेनी होगी। उसके बाद 14 दिन तक 800 एमजी की दो खुराक लेनी होगी। 2- ग्लेनमार्क फार्मा ने कहा कि मामूली संक्रमण वाले ऐसे मरीज जो मधुमेह या दिल की बीमारी से पीड़ित हैं, उन्हें भी यह दवा दी जा सकती है। सल्दान्हा ने कहा कि यह खाने की दवाई है। ऐसे में जब अस्पताल के ढांचे पर दबाव हो, तो यह काफी लाभकारी साबित हो सकती है। इस दवा की विनिर्माण क्षमता के बारे में पूछे जाने पर कंपनी ने कहा कि प्रति मरीज दो न्यूनतम दो पत्ते की जरूरत के हिसाब से पहले महीने में ही वह 82,500 मरीजों के लिए फैबिफ्लू उपलब्ध करा पाएगी।



### देश के कई शहरों में देखा गया सूर्य ग्रहण,

2020 का पहला सूर्य ग्रहण यानी साल के सबसे बड़े दिन 21 जून रविवार को शुरू हुआ। यह दोपहर 2 बजकर 10 मिनट पर समाप्त हुआ। इस दौरान आसमान में सूर्य का घेरा एक चमकती अंगूठी की तरह नजर आया। इस ग्रहण का मध्य 12ः10 के आसपास था। इसमें सूर्य एक वलय/फायर रिंग/चूड़ामणि के रूप में नजर आया। आज भारत में लखनऊ, पटना, जयपुर, दिल्ली, भोपाल, देहरादून और चंडीगढ़ यानी उत्तर भारत के लोगों ने पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा।

## मध्य प्रदेश की प्रकृति एवं विकास के लिए अपनी जिम्मेदारी को निभाऊंगा : श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश से नवनिर्वाचित राज्यसभा से नवनिर्वाचित सांसद श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल डिप्रेशन का पालन करते हुए वीडियो बनाकर केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन मैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मध्य प्रदेश की

### सिंधिया ने विधायकों और भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति जताया आभार

प्रकृति और विकास के लिए अपनी जिम्मेदारी को निभाऊंगा साथ ही उन्होंने समस्त विधायकों और पार्ट भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति भी आभार प्रकट करते हुए कहा आप लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करूंगा शीघ्र ही आपके बीच आऊंगा और उन्होंने करोना वायरस से बचने के लिए भी लोक डाउन का पालन करते हुए हे घर में रहने के लिए सब को प्रेरित किया ।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां तथा श्रीनगर में सुरक्षाबलों ने मार गिराये चार आंतकवादी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने रविवार को दो अलग-अलग क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ में चार आतंकवादियों को मार गिराया है. सुरक्षा बलों ने सुबह शोपियां जिले में एक आतंकवादी को मार गिराया था. इसके बाद श्रीनगर के जादिबल में सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई मुठभेड़ में तीन आतंकियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया है. बताया जा रहा है कि श्रीनगर के जादिबल में मारे गए तीनों आतंकवादी रमजान के दौरान 20 मई को श्रीनगर में पांडव चौक के पास दो बीएसएफ जवानों की हत्या में शामिल थे. जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में स्थानीय पुलिस और सुरक्षा बल आतंकियों की तलाश में छापेमारी की. ये अभियान श्रीनगर के जादिबल इलाके में चला. सुरक्षा बलों को खुफिया जानकारी मिली थी कि इस इलाके में 2 से 3 आतंकी छिपे हुए हैं. ताजा जानकारी के मुताबिक सेना ने तीन आतंकियों को मार गिराया है और सर्च ऑपरेशन खत्म हो गया है. बताया जा रहा है कि पुलिस और सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है और आस-पास से गुजरने वाले वाहनों की तलाशी ली जा रही है. इसके अलावा आवासीय ठिकानों में तलाशी ली गई. दो से तीन आतंकी एक घर में छिपे होने की आशंका जाहिर की गई थी. पुलिस और सुरक्षा बलों के निर्देश पर इन इलाकों में फिलहाल इंटरनेट और मोबाइल सुविधा बंद कर दी गई है.

## कोरोना के कारण इस बार कांवड़ यात्रा स्थगित

**नई दिल्ली।** कोरोना के मद्देनजर इस बार कांवड़ यात्रा को स्थगित कर दिया है। वहीं, जलाभिषेक के लिए स्थानीय गाइड लाइन का पालन करना होगा। शनिवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चर्चा की। तीनों मुख्यमंत्रियों ने कोविड-19 के हालात को देखते हुए सामूहिक रूप से कांवड़ यात्रा को स्थगित करने पर सहमति जताई। सीएम रावत ने कहा कि कांवड़ संघों और संत महात्माओं ने भी इस बार कांवड़ यात्रा स्थगित करने का प्रस्ताव दिया था। तीनों मुख्यमंत्रियों का मानना था कि कोविड-19 को रोकने के लिए बहुत जरूरी है कि लोगों के बड़ी संख्या में इकट्ठे होने को रोका जाए। अलबत्ता, लोग जलाभिषेक स्थानीय स्तर पर निर्धारित गाइडलाइन का पालन करते हुए कर सकते हैं।


## सेनाएं चीनी घुसपैठ का मुंहतोड़ जवाब दें

**नई दिल्ली।** सीमा पर चीन की घुसपैठ को रोकने के लिए सरकार ने आर्म्ड फोर्सेज को पूरी छूट दे दी है. सूत्रों के मुताबिक सेनाओं को धरती, आसमान और समुद्री इलाके में चीन की किसी भी तरह की घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त रवैया अख्तियार करने के लिए कहा गया है. रविवार 21 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बिपिन रावत समेत सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया और नौसेना प्रमुख करमबीर सिंह से बात की. इसी में उन्होंने सेनाओं को चीन से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए. करीब 6 हफ्ते से भारत और चीन के बीच लद्दाख में तनाव चल रहा है. 15 जून की रात चीन और भारत के सैनिकों में हिंसक झड़प हुई थी. चीन के सैनिकों ने कंटीले तार वाले डंडों से भारतीय जवानों पर हमला किया था, जिसमें 20 जवान शहीद हो गए. भारत ने भी चीन के 40 से ज्यादा सैनिकों के मारे जाने की बात कही है, लेकिन चीन ने अब तक अपने मारे गए सैनिकों की संख्या नहीं बताई है. भारत सरकार का कहना है कि गलवान घाटी पर चीन के दावे मंजूर नहीं हैं. ये चीन के खुद के पहले के रुख के उलट हैं. गलवान पर स्थिति लंबे समय से साफ है. भारतीय जवान एलएसी से पूरी तरह वाकिफ हैं और इसका पालन करते हैं. भारत ने कभी एलएसी पार नहीं की. भारतीय सैनिक इस क्षेत्र में लंबे समय से गश्त कर रहे हैं. सभी निर्माण भारत की हद के अंदर ही हैं.



## योग दिवस पर सभी संगठनात्मक 26 मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने

# अपने अपने घरों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए प्राणायाम किए







**भिंड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर योग दिवस के तहत भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने जिले के 26 मंडलों मैं अपने परिवार जनों के साथ सोशल डिसूजा का पालन करते हुए प्राणायाम की जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा अटेर विधायक डॉ अरविंद सिंह भदोरिया एवं पार्टी जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने भी कार्यकर्ताओं के उत्साहवर्धन के लिए अपने अपने घरों पर योगा के माध्यम से प्रेरित किया। भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अटेर विधायक डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने अपने परिवार जनों के साथ योग दिवस पर प्राणायाम करते हुए कहा कियोगा हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण अंग है जिसके करने से शरीर की सारी बीमारियां दूर हो जाती हैं और लोगों को कोई भी दिक्कत नहीं होती ऐसी प्रेरणा हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी ने देख कर हम सब को जागृत किया है। कई प्रकार के सूर्य नमस्कार हैं जिन से हमारे शरीर में उत्पन्न बीमारियां से भी आराम हमें मिलता है और हमारी शारीरिक क्षमता भी मजबूत होती है। उन्होंने समस्त अपने विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ सर्व समाज की जनता को भी आग्रह किया कि वे अपने अपने घरों पर जरूर सुबह योगा लगाकर अपनी बीमारियों से छुटकारा पाएं और अपने परिवार जनों को भी योगा करने के लिए जागृत करें। भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने भी कहा कि योगा ऐसी कला है जैसे कि हमें विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षक ज्ञान प्राप्त कर आते हैं उसी तरह योगा के भी शिक्षक बाबा रामदेव जी और भी जो इस के विशेषज्ञ हैं हमें योगा करने की प्रेरणा देते हैं जो बीमारियां के जितना भी इलाज कराने से अंग्रेजी की दवाइयों से नहीं ठीक होता और वह योगा से ही बीमारियां दूर हो जाती हैं। यह हमारे लिए महत्वपूर्ण है हमारे लिए अति महत्वपूर्ण है। जीवन में स्वस्थ रहना ही मानव जाति के लिए योगा करना अति आवश्यक है पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने परिवार के साथ योगा करने की प्रणव ने दी है उन सभी के लिए पार्टी जिला इकाई की ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य केशव सिंह भदोरिया अवधेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट वीरेंद्र सिंह राणा कोक सिंह नरवरिया पूर्व अध्यक्ष खनिज विकास निगम केदारनाथ वर्मा संजीव कांकर रवि सेन जैन पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राजे भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक राममिलन शर्मा एडवोकेट आनंद बरुआ एडवोकेट मंडल अध्यक्षों में ए प्रदीप सिंह भदोरिया सुभाष मंडल अध्यक्ष अमित जैन वन खंडेश्वर मंडल अध्यक्ष भाजयुमो जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर जिला महामंत्री उपेंद्र राजोरिया अनिल सिंह कुशवाह रक्षपाल सिंह राजावत धर्मेंद्र सिंह राजावत पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमृतपाल सिंह बघेल एडवोकेट आरबी सिंह बघेल एडवोकेट शेरू पचौरी मंडल अध्यक्ष महाराणा प्रताप गजेंद्र सिंह भदोरिया मेहगांव सुभाष थापक गोरमी राजवीर सिंह गुर्जर निरहुआ देवेंद्र गौड़ मालनपुर रवि शर्मा चितौरा गोपाल सिंह कुशवाहा शैलेंद्र पालीवाल रायसिंह नरवरिया पिपरी संतोष सिंह तोमर अटेर शैलेंद्र सिंह भदोरिया सुरपुरा विवेक जैन गोहद दीपक सिंह तोमर गोहद ग्रामीण जेल सिंह नरवरिया सोनी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदोरिया देवेंद्र सिंह नरवरिया अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर इकबाल अली भारतीय सेना के रिटायर्ड कैप्टन मोर्चा जिला अध्यक्ष बादशाह खान जेडी खान रामप्रकाश मांझी तथा सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने परिवारों के साथ प्रधानमंत्री जी मोदी जी के आह्वान पर अपने अपने घरों पर प्रणाम कर सर्व समाज की जनता को योगा करने के लिए जागृत किया है।

**भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अटेर विधायक डॉ अरविंद सिंह भदोरिया पार्टी जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने भी कार्यकर्ताओं के साथ किया योगा**









## श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया और सुमेर सिंह सोलंकी को राज्यसभा सांसद निर्वाचित किए जाने पर भाजपा ने बधाई दी

**भिंड।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया और सुमेर सिंह सोलंकी को मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद के रूप में निर्वाचित किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि दोनों युवा नेतृत्व है, समूचे प्रदेश में हर्ष की लहर दौड़ गई है। यह जीत प्रदेश के नागरिकों की जीत है और यह विजय श्री उन लोगों के मुंह पर तमाचा है जो आए दिन श्रीमंत सिंधिया और भाजपा पर गलत आरोप लगाकर छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे थे और प्रदेश की जनता को गुमराह करने का षड्यंत्र भी रचा रहे थे, इस जीत ने कांग्रेसियों को सबक सिखा दिया है। भारतीय जनता पार्टी मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में पार्टी जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा कि जनमानस के हितों के लिए एवं सकल समाज के विकास को प्रतिबद्ध रहेंगे। आगामी दिनों में भिंड जिले के 2 विधानसभा गोहद और मेहगांव के उपचुनाव में भी भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत उनके नेतृत्व में मिलेगी और मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार मजबूत होकर मध्य प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।



## कांग्रेस ने दलितों की हमदर्दी दिखाकर समाज के साथ किया धोखा : नाथू सिंह गुर्जर

**भिंड।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्यसभा चुनाव में फूल सिंह बरैया को प्रत्याशी बनाना मात्र उनका राजनीतिक नाटक था और वही हमदर्दी बनकर कांग्रेस में दलित समाज के साथ धोखा किया दलितों के धोखा किया और उन्होंने कहा कि जब जब कांग्रेस में दलित समाज को नेतृत्व देने की बात आती है तो कांग्रेस आड़े हाथों आती मात्र राजनीतिक वोट करने का षड्यंत्र बनाकर दलित समाज को उन्होंने हमेशा से अपमानित किया है और उनके विकास की कोई चिंता नहीं की कांग्रेस का यह कृत्य मात्र उपचुनाव में समाज के वोट प्राप्त करने के लिए था और भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज को लेकर इस देश और प्रदेश के विकास के लिए काम करती है सत्ता और संगठन में अनुसूचित जाति समाज के ऐसे कई कर्मठ राजनेता है जिन्हें केंद्रीय प्रदेश नेता ने उचित स्थान पर जिम्मेदारी सौंपकर समाज को गौरवान्वित किया है। उन्होंने समस्त दलित समाज को भी आग्रह करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा धोखेबाज पार्टी रही है आपके समाज का शोषण करती है ऐसे लोगों से सावधान होकर जो आपके हित की बात करें उसके साथ रहकर अपना और प्रदेश का विकास आगे बढ़ाएं। पार्टी जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि दूसरे युवा नेतृत्व हमारे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ए संगठन से निकल कर आए हैं जोकि किसान के परिवार में जन्म लेकर उन्होंने समाज सेवा का कार्य किया और यह भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है कि ऐसे युवा कार्यकर्ता को राज्यसभा सांसद के रूप में बनाकर क्षेत्र की जनता के लिए जिम्मेदारी सौंपी है।

## गौ माता के लिए गोचर भूमि को साफ करवाने के लिए किया भूमि पूजन

पाली जिले मैं पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत वडेर वास के सहायक ग्राम रामपुरा में प्रभु प्रेमी गौशाला का निर्माण कार्य किया गया जिसमें आज गौ माता के लिए गोचर भूमि को साफ करवाने के लिए भूमि पूजन किया गया जिसमें सरपंच प्रतिनिधि एवं समाज सेवक अमराराम सिरवी ने बताया कि संसार में गौमाता से बढ़कर और कोई सेवा महत्वपूर्ण नहीं है पाली जिले के ग्राम पंचायत वडेर वास के सहित ग्राम रामपुरा क्षेत्रफल की दृष्टि से काफी छोटा गांव होने के नाते विश्वव्यापी महामारी के चलते मानव जीवन की रक्षा के साथ-साथ गांव के सभी भामाशाह ने गौ माता का सेवा का संकल्प लिया और प्रभु प्रेमी के नाम से गौशाला का निर्माण कार्य किया गया जिसमें आज सैकड़ों गाय अपना जीवन बिताती हैं और आज गौशाला में संपूर्ण रामपुरा ग्राम वासियों का योगदान से जिले प्रभु प्रेमी गौशाला का उद्घाटन किया सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी के अथक प्रयासों से अपने श्रेष्ठ जीवन को सफल बनाने के लिए सर्वप्रथम गौ माता की सेवा करने का संकल्प के साथ गौशाला का निर्माण कार्य सभी भामाशाह के सहयोग से कराया गया आज इस गौशाला में पशुओं के लिए सारा पानी की संपूर्ण व्यवस्था भामाशाह द्वारा की जा रही हैं विश्वव्यापी महामारी के चलते गौशाला का उद्घाटन सरकार के अगले आदेश तक रोक दिया गया है अभी वर्तमान समय में खतरनाक महामारी के चलते गौशाला का संचालन सामान्य पूर्वक किया जा रहा है तथा संपूर्ण रामपुरा ग्राम वासियों का एक ही संकल्प गौ माता की रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता



## इंडियन वेटरन्स के पूर्व सैनिकों ने दी शहीदों को दीप प्रज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि

**भिंड।** भारत चीन सीमा पर चीनी फौजियों द्वारा भारतीय सैनिकों के ऊपर किए गए प्राणघातक हमला में 200 जवान सैनिक शहीद हो गए यह देश के लिए दुखद घटना है और वही इंडियन वेटरन के पूर्व सैनिक ने शहर के शहीद स्तंभ पर दीप प्रज्वलित के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और संकल्प लिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अगर पूर्व सैनिकों को निर्देशित करेंगे हम संगठित होकर चीन से लड़ाई लड़ने के लिए कमर कस कर चीन के बॉर्डर पर पहुंचकर खून का बदला खून से लेंगे। इस अवसर पर इंडियन वेटेरन्स के कार्यकर्ताओं द्वारा वीर शहीदों को दीप प्रज्वलित एवं फूल माला अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी 7 इस अवसर पर इंडियन वेटेरन्स जिला अध्यक्ष कैप्टन बादशाह खान उपाध्यक्ष कैप्टन गंगा सिंह राजावत जिला कोषाध्यक्ष कैप्टन राकेश सिंह राजावत कोरडीनेटर वैट रछपाल सिंह राजावत नून्हाटा वैट उमाशंकर श्रीवास्तव वैट मनोज कुमार वैट विष्णु सिंह वैट सुरेश सिंह तोमर वैट हुसैन खान वैट राजेश रजक वैट अनुरीददीन खान वैट दीवान खान एवं बड़ी संख्या में लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा भारी जोश के साथ नारे लगाए।



## सफलता का संपूर्ण श्रेय सभी कोराना योद्धाओं को दिया जाए=सिरवी

**पाली**=भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मंसाराम परमार एवं जिला उपाध्यक्ष नारायण कुमावत जिला प्रतिनिधि मुकेश सिरवी जिला मंत्री महावीर सिंह भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष खीमा राम सिरवी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमित्रा राजपुरोहित सांडेराव महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी सिरवी पूर्व प्रधान रानी पंचायत समिति नवरत्न सिरवी खोड मंडल के अध्यक्ष हुकुम सिंहखरोखडा खोड मंडल सह संयोजक प्रभु सिंह राव देवासी रायका रबारी महासभा पाली जिलाध्यक्ष पीराराम देवासी ने आज भाजपा के जन संकल्प अभियान के तहत सभी ने आज विश्वव्यापी महामारी के चलते पाली जिले का संपूर्ण श्रेय प्रशासनिक अधिकारी और सभी को बधाई दी जिन्होंने कोराना वायरस मानव हानिकारक महामारी के समय में अपनी जान जोखिम में डालकर दिन-रात अपनी सेवाएं दे रहे एएनएम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी चिकित्सा विभाग शिक्षा विभाग सफाई कर्मी श्रमजीवी पत्रकार एवं भामाशाह इन सभी ने अभी तक सबसे महत्वपूर्ण विश्वव्यापी महामारी को रोकने के लिए सफलतम प्रयास किया आज उन्हें जितना सहाना की जाए उतनी ही कम है राजस्थान की तेज तड़पती भीषण गर्मी के चलते दिन रात एक कर के विश्वव्यापी महामारी को रोकने के लिए इन सभी ने महत्वपूर्ण सेवाएं दी भाजपा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने आज बताया कि विश्वव्यापी महामारी को रोकना और हर आमजन को जागरूक करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी और आगे भी हमें इसी प्रकार लड़ाई लड़नी होगी केंद्र सरकार द्वारा सबसे महत्वपूर्ण समय में लगाया गया लॉकडाउन आज भारत सफलता की ओर आगे बढ़ रहा है।



### नगर में दिन व दिन बढ़ती बिजली कटौती बनी लोगो की गले की फांस

# लाइट के पावर कट ने किया आमजनता को परेशान

**दबोह**
**मोहित गोस्वामी**

आज कल लगभग पूरे लहार विधानसभा क्षेत्र में बिजली कटौती लोगो की एक बड़ी समस्या बानी हुई है इसी क्रम में लहार विधानसभा क्षेत्र का कस्बा दबोह बिजली कटौती के मामले में कैसे पिछड़ जाता।उमस भरी भीषड़ गर्मी में लोग दिन भर आँख मिचौली खेलती बिजली के कारण बेहाल हुये जा रहे है परंतु बिजली की हर घण्टे आंख मिचौली दिन हो या रात कि बंद होने का नाम ही नही ले रही है।उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस महामारी के चलते लॉकडाउन के दौरान विधुत विभाग दबोह के द्वारा मेंटीनेंस के कार्य को लेकर अंधाधुंध कटौती व आमजन की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए विभाग के अधिकारियों पर पूर्व मे भी कई सवाल खड़े हुये है परंतु विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के कानो में अब तक किसी प्रकार की जू तक नही रेंगी वैसे तो दबोह में अब तक बिजली कुछ हद तक सही रहती थी परंतु जब से दबोह नगर के विधुत सबस्टेशन पर नये जूनियर इंजीनियर महोदय का कदम पड़ा है तब से बिजली की कटौती की समस्या दिन व दिन बढ़ती ही जा रही है।वहीं सूत्रों की माने तो दबोह विधुत सबस्टेशन की व्यवस्थाये चौपट होने के साथ-साथ भ्रष्टाचार में भी लिप्त हो गयी है भ्रष्टाचार की बात करे तो दबोह विधुत सबस्टेशन पर छोटे से कर्मचारियों से लेकर बड़े से बड़े अधिकारी मलाई चाटने की फिराक में घूमते रहते है जिनके द्वारा बिना लेन देंन के कोई कार्य नही किया जाता है।गुप्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दबोह सबस्टेशन क्षेत्र में दर्जनों अवैध ट्रांसफार्मर विभागीय अधिकारियों की मेहरबानी से दिनों दिन फलफूल रहे है जब इन ट्रांसफार्मरो की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गयी तो इन ट्रांसफार्मरो की जाँच के लिये एक विभागीय अमला भेजा जाता है वह भी लेन देन की चपेट आ कर मौके पर पकड़े गये अवैध ट्रांसफार्मरो पर कार्यवाही करने से दूरी बनाने लगता है जिनके ही पदचिन्हों पर चलकर नगर के विधुत ऑपरेटर अपनी मनमर्जी से विधुत कटौती करते रहते है।जब बिजली जाने का कारण पूछो तो परमिट बताया जाता है।वहीं तुरंत मौके पर विधुत सबस्टेशन पर पहुँच कर यदि परमिट रजिस्टर में किस के नाम पर परमिट लिया गया है नाम दिखाने के लिए बोलो तो ऑपरेटर महोदय रजिस्टर में तुरंत नाम चढ़ाने लगते है यह बात भी विचार करने बाली कि यदि जब किसी ने परमिट लिया है तो तुरंत रजिस्टर में दर्ज क्यों किया जाता है।

## मेंटिनेंस का कार्य हुआ हुआ सिर्फ कागजो में दर्ज,असल मे मेंटिनेंस दिखा फैल

### लॉकडाउन में हुए मेंटिनेंस कार्य पर लगा प्रश्नचिन्ह..?

नगर में जब से जूनियर इंजीनियर महोदय ने कदम रखा है तब से अब तक बिजली व्यवस्था काम चलाऊ हिसाब में चलती रही है चाहे झूलते तारो की बात हो या नियमित रूप सप्लाई देने की बात।इन विषयों पर कभी जूनियर इंजीनियर संजीदे नजर नही आते है परंतु फिर भी सुधार के नाम पर काम चलाऊ मरम्मत की परंपरा के चलते अब दिन में हर 30 मिनट पर लाईट जाना जनता के लिए बड़ी समस्या बनने लगी।मुश्किल यह है कि कर्मचारी व अधिकारी बिजली व्यवस्था को लेकर गम्भीर नही है ऐसे में लोग यही कह रहे है कि कौन सुनेगा,किसको सुनाएं वाली कहावत चरितार्थ हो रही है अजीब बिडंबना है हर 30 मिनट के परमिट पर मरम्मत हो जाती है और 15 मिनट बाद फिर मरम्मत के लिए परमिट लिया जाता है।आखिरकार सवाल यह उठता है कि लॉकडाउन के दौरान दबोह नगर में मेंटिनेंस के नाम पर लगातार कई घण्टो तक विधुत सप्लाई बंद रखी गई और बिधुत व्यवस्था आज भी फैल क्यों.. ?

### क्या विधुत विभाग दबोह का मेंटिनेंस सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहा..?

या फिर विधुत विभाग के नए जूनियर इंजीनियर महोदय व्यवस्थाओ को सम्भाल नही पा रहे हैं.. ?
फिलहाल मामला कोई भी हो परन्तु वरिष्ठ अधिकारियो को लॉकडाउन में हुए मेंटिनेंस कार्य व विधुत विभाग दबोह में फैली अव्यवस्थाओ की जांच अवश्य करना चाहिए और सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही भी नही तो वह दिन दूर नही जब नगर की जनता विधुत विभाग का घेराव करने के लिए सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाये।

### विधुत काटौती चरम पर,आख़िर कहाँ गए राजनैतिक दल..?

दबोह नगर में विधुत काटौति की हदें पार होती नजर आ रही हैं तो वहीं राजनैतिक दल के वह छुटभैया नेता भी देखने को नही मिल रहे जो हमेशा समाचार पत्रों व सोशल मीडिया पर ढोल पीटते रहते हैं शायद उनकी राजनीति सिर्फ सोशल मीडिया तक ही सीमित है पर इस मुश्किल घड़ी में उन्हें यह समझना चाहिए कि यह मसला भाजपा कॉंग्रेस या बसपा का नही है बल्कि विधुत की अंधाधुंध काटौति से पूरा नगर परेशानी से जूझ रहा है अगर ऐसे में एक आमजनता की भीड़ एकत्रित होकर विधुत विभाग के खिलाफ मोर्चा साधे तो बेहतर होगा।वरना कहीं माहौल लहार जैसा न हो जाये जहां भिण्ड से आई महिला नेत्री ने लहार की विधुत व्यवस्था को लेकर विधुत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने परिवार के साथ किया योगाभ्यास।

# पावन सावन मास 6 जुलाई से होगा प्रारंभ

**भोपाल।** हिंदू धर्म के पावन मास सावन का महीना आगामी छह जुलाई से प्रारंभ होने जा रहा है। एक बार फिर सावन माह सोमवार से शुरू और सोमवार को ही विदा होगा। इस माह शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की आराधना के स्वर गूंजेंगे। खास बात यह है कि इस बार सावन की शुरुआत उत्तराषाढ़ा नक्षत्र व वैधृति योग में होगी। इसके साथ ही चंद्रमा मकर राशि में विचरण करेगा। इससे इस बार सावन मास में जमकर बारिश होगी। राजधानी के एक ज्योतिषी के अनुसार, लंबे समय बाद जो योग बन रहे हैं, वह पूरे महीने अच्छी बारिश के संकेत दे रहे हैं। बता दें कि 6 जुलाई सोमवार से सावन माह शुरू होगा। वहीं, 3 अगस्त को सावन मास का अंतिम दिन है और इसी दिन सोमवार को रक्षाबंधन का पर्व भी मनेगा। ज्योतिषी के अनुसार, इस वर्ष श्रावण माह में 5 सोमवार होंगे। पहला सोमवार 6 जुलाई, दूसरा 13 जुलाई, तीसरा 20 जुलाई, चौथा 27 जुलाई और पांचवां सोमवार अगले माह 3 अगस्त को रहेगा। मकर का चंद्रमा मेष राशि वालों के लिए विशेष शुभ तथा मिथुन, तुला और धनु राशि वालों के लिए थोड़ा कठिन प्रद रहेगा। शेष राशि वालों के लिए प्रथम वन सोमवार साधारण रहेगा। शिव पूजा से सर्वत्र लाभ-विजयश्री की प्राप्ति होगी।सावन माह की शुरुआत उत्तराषाढ़ा नक्षत्र वैधृति योग तथा कौलव करण प्रतिपदा तिथि होने से अभी फलदायक वन सोमवार रहेगा।

**सोमवार से शुरू होगा और सोमवार को ही समापन**

# प्रज्ञा का कांग्रेस पर आरोप, प्रताड़नाओं के कारण आज तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को झेल रही हूं

**भोपाल।** भोपाल लोकसभा क्षेत्र की भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस द्वारा नौ साल तक दी गई प्रताड़नाओं के कारण वह आज तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को झेल रही हैं। रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर यहां भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ योग करने के बाद प्रज्ञा ने वर्ष 2008 में हुए मालेगांव बम धमाकों के मामले में नौ साल तक जेल में बिताए दिनों को याद कर कहा,कांग्रेस ने जो प्रताड़नाएं मुझे नौ वर्षों में दी थी उनके कारण मेरी कई चोटें



उभरती हैं। उन्होंने कहा, और उसी दौरान मेरे सिर में जो चोटें लगीं वे उभरी हैं।'' प्रज्ञा ने बताया,वह तकलीफ इतनी बढ़ गई कि मेरे आंख के रैटिना से लेकर दिमाग तक सूजन हो गई और मवाद भर गया। इसके कारण मेरी एक आंख से बिल्कुल दिखना बंद हो गया जबकि दूसरी आंख से थोड़ा-सा दिखता था। उन्होंने कहा, अब भी मेरी दाई आंख से धुंधला दिखता है और बाई आंख से बिल्कुल नहीं दिखता। वहीं कांग्रेस विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने प्रज्ञा के दावे को खारिज किया कि कांग्रेस सरकार में उन्हें प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कहा, हम महिलाओं का सम्मान करते हैं। कांग्रेस उन्हें कैसे प्रताड़ित कर सकती है जब मध्य प्रदेश में 15 वर्षों और केंद्र में छह वर्षों से भाजपा सरकार है? इन आरोपों का मकसद भ्रम पैदा करना है।

## विस का पांच दिवसीय पावस सत्र 20 जुलाई से

**भोपाल।** मप्र विधानसभा का पांच दिवसीय पावस सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 24 जुलाई तक चलेगा। कोरोना के कारण सत्र का अवधि छोटी रखी गई है। सत्र के दौरान राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2020-21 का आठ महीने का पूर्ण बजट भी प्रस्तुत करेगी। विधानसभा सचिवालय ने सत्र की अधिसूचना जारी कर दी है। विधानसाा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि पांच दिवसीय सत्र में सदन की कुल पांच बैठकें होंगी, जिसमें महत्वपूर्ण शासकीय विधि विषयक एवं वित्तीय कार्य संपादित किए जाएंगे। सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय में अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 24 जून तक और अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 9 जुलाई तक प्राप्त की जाएंगी, जबकि स्थगन प्रस्ताव, ध्यान आकर्षण और नियम 267 के अधीन दी जाने वाली सूचनाएं विधानसभा सचिवालय में 14 जुलाई से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जाएंगी।

**शहीद सैनिको को खिराजे अकीदत पेश करने के साथ ही चीन को मुहॅतोड जवाब देने की मॉग**

# चीन की कायराना हरकत के खिलाफ मुस्लिम समूदाय ने किया प्रभावी प्रर्दशन




**भोपाल।** चीन द्वारा की गई कायराना हरकत को लेकर जहां देश में चारों ओर आक्रोश फैला हुआ है, वही गुस्साए लोग सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को पुराने शहर के बैरसिया रोड पर काजी कैंप इलाके में चीन की नापाक हरकत के खिलाफ सैकड़ों मुस्लिम लोग सड़कों पर उतर आए जिन्होंने मौन प्रदर्शन कर चीन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए शहीद सैनिकों को की खिराजें अकीदत पेश की। जानकारी के मुताबिक बैरसिया रोड पर स्थित मस्जिद के सामने दोपहर के समय सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सड़कों पर उतरकर दोनों ओर कतारों में खड़े होकर मौन प्रदर्शन किया। इस दौरान मुस्लिम नौजवानों अपने हाथों में चीन के खिलाफ लिखे गए नारो की तख्तियां और बैनर लेकर खड़े थे। प्रदर्शन में कई मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए गुस्से का इजहार किया। इस मौके पर पर इमाम मो. याकूब ह्वह्य कहा कि चीन द्वारा हमारे देश की जमीन पर कब्जा करने की नापाक कोशिश की गई जिसे हमारे देश के बहादुर सैनिकों ने अपनी जान की बाजी लगाकर नाकाम कर दिया। उन्होने आगे कहा कि मुस्लिम समाज चीन की इस कायराना हरकत की सख्त मजम्मत करते हुए हमारे देश के शहीद सैनिकों को खिराजे हकीकत पेश करता है। इस विरोध प्रर्दशन के दौरान सैकड़ों की संख्या में मौजूद मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा की भारत को चीन की नापाक हरकत के खिलाफ मुहॅतोड जवाब देते हुए इतनी सख्त कार्यवाही करना चाहिए कि आइंदा दुनिया का कोई भी मुल्क हमारे देश की एक इंच जमीन पर भी नजर डालने की कोशिश ना करें। मुस्लित समूदाय के धर्मगुरुओ ने कहा कि हर मुस्लिम देश पर हमला करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए देश के साथ हर समय तैयार खड़ा है।

## हवा का रुख बदलते ही फिर हो सकता है टिड्डी दल का हमला

**भोपाल ।** हवा का रुख बदलने के साथ ही एक बार फिर मध्यप्रदेश में टिड्डी दलों का हमला हो सकता है। अभी यह खतरा पूरी तरह टला नहीं है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार हवा का रुख उत्तर से दक्षिण की तरफ होने से टिडडयों के दल फिर से मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रवेश कर सकते हैं । टिड्डी दलों का प्रवेश हवा के रुख पर निर्भर करेगा। कृषि विभाग ने नियंत्रण के लिए तैयारी पूरी करके रखी है।

# सीजन में पिछले साल से भी ज्यादा बारिश होने का अनुमान

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर में इस बार भी मानसून मेहरबान है। राजधानी में पिछले तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। इससे शहर में जून के अब तक के कोटे से 535 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। शहर में अब तक की बारिश का कोटा 53.5 फीसदी है, जबकि यहां 326.7 मिमी बारिश हो चुकी है, जो कोटे से 275.3 मिमी यानी 535 फीसदी ज्यादा है। वहीं अब तक हुई बारिश जून के कोटे से भी 66.76 फीसदी ज्यादा है। उधर, प्रदेश में भी बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में अब तक की बारिश का कोटा 54.5 मिमी है। इधर प्रदेश में अब तक 131.7 मिमी बारिश हो चुकी है, जो अब तक के कोटे से 142 फीसदी अधिक है। इससे उम्मीद की जा रही है कि इस बार भी राजधानी सहित प्रदेशभर में बारिश अच्छी होगी। पिछले साल भी राजधानी सहित प्रदेशार में कोटे से ज्यादा बारिश हुई थी। राजधानी में बुधवार से बारिश का दौर जारी है। बुधवार को 91.6 मिमी बारिश हुई थी। गुरुवार रात में 126.2 मिमी और शुक्रवार रात में 32.2 मिमी बारिश हुई। पिछले तीन दिन में शहर में 250.0 मिमी बारिश हो चुकी है। राजधानी सहित प्रदेशार में पिछले चार दिनों से बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटे में राजधानी में 33.2 मिमी और आगर-मालवा में सबसे ज्यादा 76 मिमी बारिश रिकार्ड हुई। राजधानी में तीन दिन में 250 मिमी बारिश हो चुकी है। इसके अलावा टीकमगढ़ में 47, सागर में 41, डिंडोरी में 40 मिमी बारिश हुई। रायसेन में 16.2, उज्जैन में 5.4, बैतूल में 2.8 मिमी बारिश रिकार्ड हुई।

**शहर में कोटे से 535 फीसदी ज्यादा हो चुकी बारिश**

# कोरोना से बचाव के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें : विष्णुदत्त शर्मा

**प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने प्रदेश कार्यालय में किया योग**

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओं के साथ योगाभ्यास किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओ ओर प्रदेशवासियों को योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। योगाचार्य सुरेश रामानी ने योगाभ्यास कराया। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से पूरी दुनिया में पहचान दिलाई है। योग के प्रति पूरे विश्व की दिलचस्पी एवं स्वीकृति से भारत के बढ़ते प्रभाव एवं सम्मान की अनुभूति मिलती है। श्री शर्मा ने कहा कि



योग हम सबको करना चाहिए इससे मनुष्य के शरीर को कई तरह के फायदे होते है साथ ही हम निरोग और स्वस्थ रहते है। कोरोना महामारी से निपटने के लिए चिकित्सकों द्वारा भी योग करने की सलाह दी जाती है। उन्होंने जनता से आव्हान करते हुए कहा कि कोरोना से बचाव के लिए योग को जीवन का हिस्सा बनाए और पार्टी कार्यकर्ता भी योग को लेकर जनजागरण करें। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी ने पूरे प्रदेश में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए हैं। मंडल स्तर तक हुए आयोजनों में सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखा गया। कार्यकर्ताओं ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए योगाभ्यास किया और आमजन को कोरोना से लड़ने के लिए योग करने की अपील भी की। प्रदेश कार्यालय में आयोजित योगाभ्यास में प्रदेश उपाध्यक्ष विजेश लुणावत, सांसद सुश्री प्रज्ञा ठाकुर, संभागीय संगठन मंत्री आशुतोष तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर, प्रदेश प्रवक्ता आलोक संजर, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, अनिल अग्रवाल, सुनील पाण्डे, राम बंसल, सत्यार्थ अग्रवाल, श्रीमती सीमा सिंह, अशोक सैनी सहित कार्यकर्ता शामिल हुए।


संपादकीए

# असम हादसे के सबक

असम के तिनसुकिया जिले स्थित ऑयल इंडिया की बागजान गैस कुएं में लगी भीषण आग पर अब तक काबू नहीं पाया जा सका है। गैस की अधिक मात्रा में होने के कारण यह अब भी तेजी से फैलते जा रही है। इस भीषण आग को बुझाने के लिए सेना की मदद लेनी पड़ी। राज्य सरकार को उम्मीद है कि सेना की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया जाएगा। ऑयल इंडिया लिमिटेड के बयान के अनुसार कुएं में लगी आग पर काबू पाने के लिए अभियान की आपात स्थिति के मद्देनजर तिनसुकिया के उपायुक्त भास्कर पेगु ने कुएं से सटे एक जल क्षेत्र पर 150 मीटर लंबा पुल बनाने के लिए सेना की मदद लेने का अनुरोध किया है। प्रशासन के अनुरोध को स्वीकार करते हुए सेना मिसामरी और तेजू से बागजान आपदा क्षेत्र में सामान और कर्मियों को ला रही है। असम के तिनसुकिया जिले में ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित बागजान क्षेत्र में एक कुएं से 27 मई 2020 को प्राकृतिक गैस का अनियंत्रित रूप से रिसाव होने लगा। इसके कारण विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना तगड़ा था कि कुएं में आठ जून को आग लग गई। इसमें अग्निशमन दल के दो कर्मियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। वहीं इससे पहले घटना का जायजा लेने के लिए केंद्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शनिवार को असम पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि ऑयल इंडिया की बागजान गैस कुआं अग्निकांड के प्रभावितों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। प्रधान ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों को भी भरोसा दिलाया कि सरकार सभी प्रभावितों को मुआवजा देगी। लेकिन सवाल यह है कि देश में इस तरह का यह पहला हादसा नहीं है। कई शहरों में आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं, मगर एक से भी न तो सरकार ने सबक सीखा और न ही प्रबंधन ने। इसी का नतीजा है कि अब असम के तिनसुकिया जिले के एक तेल कुएं में लगी आग बड़ा सिरदर्द साबित हो रही है। आग इतनी भयंकर है कि दस किलोमीटर दूर से इसकी लपटें देखी जा सकती हैं। विशाल हरा-भरा इलाका काले धुएं से भर गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस पर काबू पाने में कम से कम चार हफ्ते लगेंगे। याद रहे, यह कोई आकस्मिक हादसा नहीं है।

# एक था सुशांत,क्यो होती है जिंदगी को खत्म करने की जंग!

बिहार के पटना में जन्में सुशांत राजपूत का फिल्मी करियर काफी अच्छा चल रहा था। अपने करियर में उन्होंने एमएस धोनी जैसी हिट फ़िल्म दी थी। फ़िल्मी दुनिया में कदम रखने से पहले सुशांत थिएटर और टेलीविजन धारावाहिको में लोकप्रिय चेहरा बन चुके थे।अवसाद के कारण उनके द्वारा आत्महत्या से सभी अचंभित है। जाने माने चिंतक यशपाल सिंह के शब्दों में,% उन्होंने चांद पर फ्लैट ख़रीद लिया। टीवी पर आए तो छा गए, बड़े पर्दे पर महज सात साल में वो हासिल किया, जो लोग दशकों तक नहीं कर पाते। क्या नहीं था सुशांत सिंह राजपूत के पास। मायानगरी में एकाकीपन का कोई साथी नहीं, लाक डाउन के चलते अटकती फिल्मों की रिलीज, रिश्तों की आधी अधूरी बनावट से उपजा दर्द और उसके बाद छह माह से अवसाद के काले साये। अंजाम जो हुआ, वह बेहद दर्दनाक। अपने किरदारों में जिंदगी की सीख देने वाला एक उदीयमान सितारा अपने हाथों जिदंगी की लकीरें मिटा बैठा। %यूं तो इस खुशनुमा जिंदगी में भी स्वयं को स्वयं के द्वारा बोये कांटो की चुभन न सह पाने पर स्वयं ही स्वयं की जिंदगी का खात्मा करने की घटनाएं आम होती जा रही है।कोई ऐसा कदम भूख से बेहाल होकर उठाये,कर्ज़ से उत्पीड़ित अपनी जिंदगी से हार मान ले, तो सहजता लगती है।परंतु जब कोई धनदौलत से परिपूर्ण, यश कीर्ति से लबरेज व्यक्ति ऐसा कदम उठाये तो सवाल उठने स्वाभाविक है कि ऐसा कम से कम उनके द्वारा क्यो किया गया ? गुरुदत्त, दिव्या भारती से लेकर सुशांत सिंह राजपूत जैसी फ़िल्मी हस्तियों को आखिर जिंदगी से प्यारी मौत क्यों लगी ? फ़िल्म अभिनेता गुरुदत्त सन 1964 में अपने घर मे मृत पाए गए थे। कभी वह भारतीय फ़िल्म इंडस्ट्री के दिग्गज माने जाते थे । बेहतरीन फ़िल्म निर्देशक के साथ ही बेहतरीन अभिनेता भी थे।अक्तूबर 1964 में मुंबई के अपने अपार्टमेंट में गुरुदत्त मृत पाए गए थे। वही मनमोहन देसाई सफल फ़िल्मकारों में गिने जाते थे। उन्होंने अमर अकबर एंथनी, कूली और मर्द जैसी फिल्में बनाई थी। मार्च 1994 में गोरेगांव स्थित उनके घर पर उनकी मौत हो गई। अभिनेत्री दिव्या भारती ने पाँचवें फ़्लोर स्थित अपने अपार्टमेंट से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। 5 अप्रैल 1993 को इस घटना के समय दिव्या भारती सिर्फ़ 19 साल की थीं।अभिनेत्री सिल्स स्मिता जिनका असली नाम विजयलक्ष्मी था। वह सितंबर 1996 में अपने चेन्नई स्थित फ़्लैट में मृत पाई गईं। रीम कपाड़िया जो डिपंल कपाड़िया की सबसे छोटी बहन थीं,ने कुछ हिन्दी फ़िल्मों में काम किया था।वह सन 2000 में लंदन में मृत पाई गईं। उनके बारे में माना गया कि उन्होंने आत्महत्या की थी। नफ़ीसा जोसेफ़ एमटीवी की मशहूर वीजे थीं, साथ ही उन्होंने मॉडलिंग भी की थी। 1997 में उन्होंने फ़ेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स का ख़िताब जीता था और मिस यूनिवर्स की एक फ़ाइनलिस्ट भी थीं।सन 2004 में वर्सोवा स्थित अपने फ़्लैट में उन्हें मृत पाया गया था। इसी तरह कुलजीत रंधावा ने फ़िल्म बाई चांस की शूटिंग ख़त्म की थी और स्टार वन के सीरियल स्पेशल स्क्वाड में भी उन्हें लीड रोल मिला हुआ था।उन्होंने अपने सुसाइड नोट में लिखा था कि जीवन का दबाव वे नहीं झेल पा रही।वही बॉलीवुड में जिया ख़ान की एंट्री काफ़ी ज़ोरदार हुई थी। शुरुआत में अमिताभ बच्चन और आमिर ख़ान जैसे कलाकारों के साथ काम किया।सन 2013 में उनका शव उनके घर में मिला था। प्रत्युषा बनर्जी जो भारतीय टेलीविजन इंडस्ट्री के लिए बडा नाम थी, ने भी आत्महत्या कर ली थी। सन 2016 में उनका शव उनके फ़्लैट से मिला था।माना गया था कि वे काफ़ी दिनों से डिप्रेशन में चल रही थीं।टीवी सीरियल बालिका वधु से वे काफ़ी चर्चा में रही। वे रियालिटी शो बिग बॉस का भी हिस्सा रही।27 दिसंबर, सन 2019 को एक्टर कुशल पंजाबी ने मुंबई के पाली हिल स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली थी। टेलीविजन धारावाहिक सीआईडी, लव मैरिज, देखो मगर प्यार से, फ़ियर फ़ैक्टर, कभी हां कभी ना जैसे लोकप्रिय टीवी कार्यक्रमों में वह दिखाई दिए। उन्होंने रिएलिटी टीवी डांस शो %झलक दिखला जा% के सातवें सीज़न में भी हिस्सा लिया था। क्यों उन्होंने भरी जवानी में अपने कैरियर को उड़ान देने के बजाए,जीवन की असफलताओ को सफलता में बदलने के लिए धैर्य को धारण करने के बजाए जिंदगी से हार मानना ही बेहतर समझा ?दरअसल यह एक ऐसा अवसाद है जो मनुष्य को सुनहरी जिंदगी से मौत के ख़ौफ़नाक अंधेरे की तरफ ले जाता है।जिसका कारण जरूरत से ज्यादा पाने की चाह ,जीवन मे अधीरता अर्थात धैर्य की कमी , हार स्वीकार न करने की बेतुकी जिद्द ,प्यार में असफलता को ही जीवन की अंतिम असफलता का वहम जैसे अनेक कारण अच्छे खासे इंसान की जिंदगी में अंधेरा कर देते है।काश!ऐसे लोग 卐अध्यात्म卐 की तरफ ज़रा भी देख लेते, आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए श्रीमद्भागवत गीता जैसे ग्रन्थों से जीवन जीने की कला सीख लेते। अपनी सोच को धन दौलत भोग विलास से हटाकर थोड़ा सा अध्यात्म की ओर मोड़ लें तो संतोष और धैर्य स्वतः प्राप्त हो जाएंगे। धन के लालच में प्रतिस्पर्धा, ईर्ष्या ,द्वेष ,जैसे विकार आध्यात्मिक ज्ञान से स्वतः समाप्त हो जाते है। अहंकार का कचरा भी खुद ब खुद खत्म हो जाता है।वास्तविकता यह है कि जब हम ,%वह मुझसे कम योग्य है, फिर भी उसे मुझसे ज्यादा मिल गया।% इसी प्रकार ,%पीठ पीछे वह मुझे बुरा भला कहता है।



# मेरे पापा,मेरे भगवान

मुझे संसार में लाने वाले,
मुझे अपना नाम और पहचान
देने वाले मेरे पापा, मेरे भगवान
आज आप मेरे साथ नहीं हो
लेकिन आप मेरी रूह में, मेरी
सांसों में हो..

पापा आप के बिना जीवन
व्यर्थ लगता है, कहने को तो
21 बरस बीत गए, पर हर पल
आपको याद करता हूं..
आपके साथ बिताया बचपन और युवावस्था तक का समय..
जब जब याद करता हूं ,आंखें बरसने लगती हैं..

आपकी कमी बहुत महसूस
होती है पापा, आपने ऊंगली
पकड़ कर चलना सिखाया
अच्छे बुरे का फर्क बताया
मेरी खुशी, मेरी हर जिद पूरी की
खुद कष्ट सहकर आपने, हम बच्चों की खुशी में ही अपनी
खुशी महसूस की, कैसे भूल
जाऊं, उस समय को पापा
मेरे जरा से रोने से आप बेचेंन
हो जाते थे.. मेरी खुशी के लिए
सब कुछ कर जाते थे...

आपने बखूबी अच्छे पिता
होने का कर्तव्य निभाया,
बाल संस्कार, शिक्षा संस्कार, विवाह संस्कार सभी बड़े
अच्छे से ओर खुशी से पूर्ण किये
मैंने कभी आपके माथे पर
शिकन नहीं देखी..जब मैं
दायित्व निभाने लायक हुआ
आप चले गए,

पापा... काश आप आज भी मेरे
साथ होते, पर आज जब
आप मेरे साथ नही है
पर आपसे मिले संस्कार संबल
बन कर मेरे साथ कदम कदम
पर हैं, मैं आज जो कुछ भी हूं
आपके आशीर्वाद स्वरूप ही हूं..
अपना आशीष मुझ पर सदैव
बनाए रखना,आपकी कमी बहुत
खलती है, पर मैं जानता हूं
प्रत्यक्ष न सही अप्रत्यक्ष रुप में
आप हमेशा मेरे साथ हैं
मैं आपका सुपुत्र आपकी स्मृतियों
को नमन करता हूं...



डॉ.शम्भू पंवार
ब्यूरो चीफ




## गीतिका छन्द आधारित योग पर कविता

योग से सुंदर बने हृद,योग से मन स्वच्छ हो।
योग से श्वासें सुचारित, योग से तन स्वस्थ हो ।

बैठिए एकाग्र मन कर ,श्वांस ऊपर खींचिए ।
फिर करें नीचे सरल हो,मुट्ठियां मत भींचिये ।

आसनों को सीख सारे, कीजिये आराम से ।
हृदय को जोड़ें प्रकृति से ,मोह तज विश्राम से ।

छोड़कर सब दुर्गुणों को,गुण यही अपनाइए।
हो !निडर,निर्भीक मानव,योग करते जाइये ।

व्यर्थ की चर्बी घटे अरु,ज्योति नेत्रों को बढ़े ।
योग उत्तम भोर में जब,भास्कर नभ में चढ़े ।

प्रात खाली पेट पानी,गुनगुना कर पीजिए ।
ये हुआ नियमित अगर तय,औषधी तज दीजिए ।

योग लड़ने में सहायक ,रोग से प्रतिरोग से ।
आर्य वंशज को मिली ,पहचान ही है योग से ।



प्तरीनागोयल
(सरस्वती नगर)
हरियाणा



# लघुकथा - वक्त - वक्त की बात

अभी बस दो साल पहले की ही बात है।कि शर्मा जी के पड़ोस में एक घर में चोरी हो गई थी।चोरी कोई बड़ी नहीं थी।केवल गुप्ता जी की काफी पुरानी कार चोरी हो गयी थी।

शर्मा जी ने फिर भी पड़ोस वालों को समझाया।कि अपने मोहल्ले के दोनों तरफ लोहे के बड़े-बड़े गेट लगवा लेते हैं।जिससे चोरी की संभावना समाप्त हो जाएगी और एक गार्ड को ड्यूटी पर रख लेंगे।जिसे सब मिलकर महीने भर की तनखा दे दिया करेंगे।

लेकिन शर्मा जी की बात सिर्फ गुप्ता जी को समझ में आई।जिनके घर में चोरी हुई थी।बाकी सभी लोगों का यह कहना था कि ऐसी घटना तो हो ही जाती हैं।इसके लिए पुलिस में रिपोर्ट करनी चाहिए।वही लोग चोरों को ढूंढ कर उन पर उचित कार्रवाई करेंगे।

वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना था कि शर्मा जी हमारे मोहल्ले के इन 60 मकानों में गिने-चुने लोगों के पास की कार है।जिसके लिए केवल उन्हीं लोगों को सुरक्षा की जरूरत ज्यादा है जिनके पास कार है।

अगर वो लोग चाहे तो मिलकर लोहे का गेट लगा ले और गार्ड भी रखें।लेकिन बाकी लोग अपनी कमाई से उन्हें पैसा क्यों दें।



खैर आज 2 साल बाद कोरोना की महामारी के दौर में परिस्थितियां कुछ ऐसी बनी कि अब वही लोग इस बात की राय देने लगे कि चलो सबलोग मिलकर लोहे का दरवाजा दोनों तरफ लगवा ले और गार्ड भी रख लें।जिससे मोहल्ले के लोगों के अलावा बाहर का कोई भी व्यक्ति बिना जानकारी के अंदर ना आ सके।

शर्मा जी इस बात को सुनकर मन ही मन मुस्कुराए।उन्होंने सोचा कई बार जीवन में बदलाव कुछ इस तरह आते हैं।कि कुछ चीजें अपने आप लोगों को जरूरी लगने लगती है।जो किसी दूसरे समय मे उन्हें सही नही लगती।जीवन के हर पहलू में हर व्यक्ति की राय अलग अलग हो सकती हैं।एक बात जो कभी सभी के लिए गलत थी।वही बात जीवन के किसी दूसरे पहलू में सही भी लगने लगती है। शर्मा जी मन ही मन मुस्कुराए और सभी लोगों को पैसे इकट्ठा करने का बात कही और सब लोगो ने मिलजुलकर इस दिशा में आगे कदम बढ़ाया।जो काम शायद दो साल पहले दो या तीन महीनों में होता।वही काम कोरोना काल में चार से पाँच दिनो में ही पूरा हो गया।

# कूड़ेवाला

कई दिन बीते, पर जब भी उसे देखती हूँ कल की ही बात लगती है। तड़के छः बजे ही आवाज आई थी,कुछ जानी पहचानी लगी तो थी मगर बहुत दिनों में सुना तो मन को यकीन नही हुआ। खैर अगले ही पल एहसास हुआ कि उठा जाए और नित्य प्रतिदिन के कामों से जुड़कर दिन की शरुआत की जाए। चप्पल पहन कर घुस्सलखाने की तरफ गई तो आवाज दरवाजे पर ही सुनाई देने लगी। दीदी, ओ दीदी, कुछ आटा, सूजी दे दो, घर में खाने को कुछ नही है। मरे मन से दरवाजा खोला और झांका तो ये कौन, अरे यह तो अपना कूड़ेवाला खड़ा था। खोलकर मैंने पूछा हां भाई बोलो, अब मैं ठहरी घर की बहू। ससुराल में ऐसे उससे पहली बार बात की थी। भाई के अलावा क्या कहूँ समझ भी नही आया। हर बार तो मम्मी जी कर लिया करती थी, पर इस बार कोरोना के लॉकडाउन में यातायात सेवा बन्द होने के कारण वो बड़ी दीदी के घर फंस गई थी। खैर जाने दे। कूड़ेवाला हाथों को मुंह के पास ले जाकर बड़े रुआंसे स्वर में मुझसे बोला, दीदी कुछ खाने को दे दो। घर में कुछ नही है। मैंने एक बार सोचा, क्या करूँ? क्या कुछ दूं इसे? %अरे, ये महीने भर से कूड़ा उठाने भी तो नही आया%, ख्याल आया।



फिर सोचा, क्या पति महोदय से पूछा जाए। इसी कश्मकश में रसोईघर की तरफ मुड़ गई। जाकर देखा तो सामने कल ही पिसकर आया आटे का कट्टा रखा था। बाहर झांका तो लोग बातें करते दिखे,अरे ये कूड़ा उठाने नही आ रहा। कोई बोला, दे दो, देखो साथ में जोरू को भी लाया है। एक नजर उस बेचारी उसकी बीवी पर पड़ी तो देखा नही गया। लगा, हाय बेचारी, बच्चे भी होंगे, कैसे उन्हें छोड़कर साथ में खाना मांगने भटक रही है। कोरोना का भी डर नही है क्या? जल्दी से एक बड़ी थैली उठाई और आटा भर कर देने निकली। इतने में पति महोदय भी जाग गए और बोले अरे सुनो, इसके महीने के पैसे भी दे दो। उनकी बात सुनकर मन मे प्रसनता हुई। आटा और पैसे पाकर उसने बहुत धन्यवाद दिया,साथ ही उसकी बीवी ने भी दूर से हाथ जोड़े। यह देखकर सभी लोग कुछ न कुछ देने लगे। अपना सामान इकट्ठा करके वो चल दिया। करीब पंद्रह दिन बाद वो पहले की तरह एक दिन तड़के छः बजे ही आवाज लगाता आया। बस इस बार मांगने नही वापिस काम पर लौट आया था, कूड़ा उठाने। इतने दिन की दिक्कतों से सचमुच बड़ी ही निजात मिली। अब रोज आता है तो सोचती हूँ इसका भी हमारे जीवन में कितना महत्व है। ईश्वर से यही कामना करती हूँ कि कूड़ा उठाने वालों को भी स्वस्थ रखे।

डॉ. लता (हिंदी शिक्षिका)
नई दिल्ली

आज के समय में कोराना ने ऐसा कहर ढाया है
चारों तरफ गज़ब का संकट छाया है
इसने लोगों का जीना और मरना
दोनों मुहाल कर दिया है।
इस कोराना काल में जीवन गुजर बसर करने वाले ऐसे न जाने कितने फुटपाथी है,
न जाने कितने फेरीवाले है, न जाने कितने टैक्सी ड्राइवर है, न जाने कितने नोकर- चाकर है, न जाने कितने पान की दुकान वाले है, न जाने कितने मंदिरों के सामने फूल बेचने वाले है, न जाने कितने साइकिल में हवा भरने वाले है, न जाने कितने पहरेदार है
जिसकी जिदंगी थम सी गई।
टूट सी गई। रूस सी गई।
आज के समय में कोरोना ने ऐसा कहर ढाया है कि
चारों ओर लाशों का ढेर सा लगा पड़ा है
कोई अपने पिता- पुत्र से, मां- बेटे से, तो कोई भाई- बहन से अलग होते जा रहा है।
अब तो ऐसी स्थिति आ गई कि अंतिम संस्कार के लिए भी जगह की कमी पड़ रही है।
कोरोना ने ऐसा हालत उजागर कर दिया है कि उनके घरवाले भी उनके अंतिम क्रिया- कर्म के लिए शमशान घाट या कब्रिस्तान जाने में भी घबराते हैं।

राज कुमार साव
पूर्व बर्धमान
पश्चिम बंगाल



# ऐक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा ने काटे अपने पति के बाल

मुंबई (ईएमएस)। बॉलिवुड सिलेब्स कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन में अपने घरों पर हैं और परिवार के लोगों के साथ समय बिता रहे हैं। ऐसे में फिल्म ऐक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा भी अपने घर पर हैं। हालांकि अब वह अनुष्का शर्मा की राह पर चल निकली हैं। दरअसल, वह अनुष?का की तरह अपने पति के बाल काटते नजर आईं। टिस्का चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने पति संजय चोपड़ा के बाल काटते हुए तस्वीर शेयर की है। इसके साथ उन्होंने लिखा कि %अगर सिनेमा जल्द नहीं खुले तो नए करियर की तैयारी कर रही हूं। मेरे पहले क्लाइंट घर पर ही मिल गए, वह भी जरूरत की सर्विसेज करते हैं, इसलिए इस टाइम पैसे नहीं लिए...।% बता दें कि हाल ही में अनुष्का शर्मा ने अपने पति और भारतीय क्रिकेट टीम के कैप्टन विराट कोहली के बाल काटे थे। इसका वीडियो खुद अनुष्का शर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया था। इसमें अनुष्का शर्मा विराट कोहली के बाल काटते हुए नजर आ रही हैं और दोनों स्टार्स मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। वहीं, टिस्का चोपड़ा लॉकडाउन के समय सोशल मीडिया पर अपडेट्स देती रहती हैं। वह इस समय योग, कुकिंग और फिल्म देखकर समय पास कर रही हैं।



## सिंगापुर से लौटने पर काजोल और न्यासा अफवाहों में घिरी

**मुंबई ।** हाल ही में बॉलिवुड ऐक्ट्रेस काजोल और उनकी बेटी न्यासा सिंगापुर से वापस लौटी हैं। इसके बाद अफवाहें सामने आईं कि मां और बेटी को मुंबई के एक अस्पताल में देखा गया। इससे फैंस को उनकी हेल्थ की चिंता हुई है। इस पर अजय देवगन ने अपनी फैमिली के बारे में चिंता करने पर सभी का विनम्रता से धन्यवाद दिया। उन?होंने ट्विटर पर लिखा कि %चिंता करने के लिए धन्यवाद। काजोल और न्यासा बिल्कुल ठीक हैं। उनकी हेल्थ के बारे में अफवाहें निराधार, झूठी और आधारहीन हैं।% दरअसल, इस समय कोरोना वायरस के चलते देश में 21 दिन का लॉकडाउन चल रहा है। इसलिए बॉलिवुड सिलेब्स अपने घर पर हैं और अपने टाइमपास के लिए घर के काम कर रहे हैं। इसके बाद काम करने के दौरान के विडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। वही, वर्कफ्रंट पर अजय देवनग और काजोल आखिरी बार डायरेक्टर ओम राउत की फिल्म %तान्हाजी- द अनसंग वॉरियर% में नजर आए थे।



## कियारा के साथ पत्तों के पीछे डब्बू ने कराया फोटोशूट



**मुंबई ।** डब्बू रतनानी ने कियारा आडवानी के साथ पत्तों के पीछे फोटोशूट कराया है। उनकी इस तस्वीर पर लोग तरह-तरह के कॉमेंट कर मजे ले रहे हैं। बता दें कि यह फोटो डब्बू के वार्षिक कैलेंडर 2020 का हिस्सा था। इस कैलेंडर के लिये कियारा ने पत?तों के पीछे फोटोशूट कराया था। जो रिलीज के बाद सबसे ज्यादा चर्चा में थे। अब कियारा की इस तस्वीर को एक बार फिर डब्बू ने शेयर की है, लेकिन इस बार अंदाज जरा हटकर है। डब्बू ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए जो कैप्शन लिखा है, वह भी लोगों का ध्यान खूब खींच रहा है। उन्होंने अपने इस तस्वीर को पत्तों से कनेक्ट करने की कोशिश करते हुए लिखा, %%बीलीफ इन यूअरसेल?फ% और अब डब्बू के साथ कियारा को देखकर भी लोग जमकर कॉमेंट कर रहे हैं। बता दें कि यह तस्वीर डब्बू की वाइफ मनीषा रतनानी ने खींची है। किसी ने लिखा कि अरे वो पीछे से कबीर भैया आ रहे हैं तो कोई कह रहा कि कबीर सिंह आपका लोकेशन जानना चाह रहा। बता दें कि फिल्म %कबीर सिंह% में कियारा आडवाणी शाहिद कपूर के साथ नजर आई थीं, जिसमें वह एक सनकी प्रेमी की भूमिका में नजर आए थे। बता दें कि जैसे ही इस साल डब्बू का कैलेंडर लॉन्च हुआ था और कियारा की तस्वीर सामने आई थी कि लोगों ने उन्हें जमकर ट्रोल करना शुरू कर दिया था




## करण ने माना मेरे जीवन की सबसे बड़ी भूल थी के3जी

**मुंबई ।** फिल्ममेकर करण जौहरको उनकी बेहतरीन फिल्मों की ही तरहस उनके बेबाक अंदाज के लिए भी जाना जाता है। हाल ही में एक टॉक शो के दौरान करण जौहर ने अपनी फिल्म के3जी यानी कि कभी खुशी कभी गम को लेकर कहा कि इस फिल्म का निर्माण उनके जीवन की सबसे बड़ी भूल थी। करण ने कहा यह फिल्म उनके मुंह पर तमाचे की तरह थी। करण जौहर ने कहा जब वह यह फिल्म बना रहे थे, तो उन्हें लगा कि वह हिंदी सिनेमा की बेहतरीन और यादगार फिल्म बना रहे हैं। इस काम के लिए उन्हें अरसे तक याद रखा जाएगा। मसलन मुगल-ए-आजम, आमिर खान की लगान और फरहान अतर की दिल चाहता है जैसा ही कुछ। करण जौहर ने कहा कि के3जी में उन्होंने स्टोरीलाइन कभी कभी से ली। इसके अलावा हम आपके हैं कौन से उन्होंने फैमिली वैल्यूज को लिया था। उन्होंने कहा कि उम्मीद थी कि यह फिल्म लोगों को हमेशा याद रहेगी। हकीकत इससे इतर रही है और यह फिल्म उनके मुंह पर तमाचे जैसी लगी। करण जौहर ने कहा कि फिल्म को लेकर काफी खराब रिस्पांस मिला था। रिव्यूज की बात करें तो वह भी काफी निराशाजनक था। यानी कि फिल्म को लेकर जितनी भी उम्मीदें थीं उन सबके ऊपर पानी फिर गया। बात जब कभी खुशी कभी गम में करीना कपूर खान के किरदार पू की आई तो करण ने कहा कि उस समय तो केवल उन्हें और बेबो यानी कि करीना को ही यह किरदार पसंद था। हालांकि आज तो पू के कैरेक्टर पर गेम्स, मीम्स और न जानें कितनी लाइन्स लिखी गई हैं।

## चार्ली चैप्लिन का रोल पर्दे पर निभाना चाहती है विद्या बालन

**मुंबई।** । साल 2018 -2019 की टॉप हीरोइन जिन्हें आपने लगातार इमोशनल कहानी के साथ फिल्म में रोते हुए देखा है या फिर छोटे शहर की लड़की के किरदार में संघर्ष करते हुए देखा है और आपको उस फेवरेट हीरोइन की कहानी बहुत पसंद आयी है लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि अब ये अभिनेत्री इस तरह के रोल से इस कदर बोर हो चुकी है कि इन्होंने नए साल का रेजोल्यूशन तक ले लिया कि अब ये अभिनेत्री इस तरह के किरदार को दोबारा कतई नहीं स्वीकारने वाली। चलिए सबसे पहले शुरुआत साल की सबसे मशहूर अभिनेत्री आलिया भट्ट से करते है साल 2019 में आलिया भट्ट की फिल्म %कलंक% और %गली बॉय% रिलीज हुई थी हालांकि फिल्म %कलंक% में आलिया भट्ट काफी इमोशनल किरदार में नज़र आयी थी। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहीं। जबकि फिल्म %गली बॉय% में आलिया का चुलबुलापन दर्शकों को खूब पसंद आया। इसी के



साथ आलिया भट्ट ने यह भी साफ़ कर दिया कि अब वह पर्दे पर रोने-धोने का कोई किरदार नहीं निभाना चाहतीं। आलिया भट्ट ने कहा कि अब वह पर्दे पर रोने-धोने का कोई रोल नहीं करना चाहतीं और वह फिलहाल इस तरह के ऑफर्स को भी तवज्जो नहीं दे रहीं। आलिया भट्ट के साथ-साथ %सांड की आंख%, %बाला%, %पति पत्नी और वो% जैसी हिट फिल्मे देने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भी अब डिसाइड कर लिया है कि अब वह छोटे शहर और गांव की लड़की का किरदार नहीं निभाना चाहती। आपको बता दें भूमि पेडनेकर फिल्म %सांड की आंख% में दादी के किरदार में नज़र आई थीं तो वही फिल्म %बाला% और %पति-पत्नी और वो% में छोटे शहर की लड़की के किरदार में नज़र आई थी लेकिन अब भूमि पेडनेकर छोटे शहर की गोरी नहीं बल्कि शहर की स्मार्ट लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। अभिनेत्री विद्या बालन साल 2019 में मल्टीस्टारर फिल्म %मिशन मंगल% में नज़र आई थी और अब विद्या की ख्वाइश अपने फेवरेट कैरेक्टर चार्ली चैप्लिन को जीने की हैं। विद्या बालन ने 2020 को लेकर अपनी ख्वाइश जाहिर करते हुए एक इंटरव्यू में कहा कि वह चार्ली चैप्लिन का रोल पर्दे पर निभाना चाहती है।भूमि ने बताया कि अब वह गांव और छोटे शहर की बजाय शहर की स्मार्ट गर्ल के ऑफर्स के इन्तजार में हैं और अब वह गांव की गोरी की बजाय शहर की स्मार्ट लड़की का किरदार निभाना चाहती है।

## कमबैक की तैयारी में शाहरुख

### राजकुमार हिरानी की हो सकती है फिल्म



**राजकुमार हिरानी की इस फिल्म से शाहरुख खान और करीना कपूर खान अरसे बाद एक साथ नजर आएंगे। फिल्मफेयर की इस रिपोर्ट के बाद फैंस खासे उत्साहित हैं। सभी को इंतजार है तो बस फिल्म के बनने का। बता दें कि करीना कपूर खान जहां गुड न्यूज के बाद इस फिल्म का हिस्सा होंगी। वहीं साल 2018 में आई फिल्म जीरो के बाद शाहरुख इस फिल्म में नजर आएंगे।**

**मुंबई ।** साल 2018 के बाद अभिनेता शाहरुख खान एक बार फिर से कमबैक की तैयारी में है। खबरें आ रही हैं कि यह फिल?म राजकुमार हिरानी की होगी। साथ ही यह भी सुनने में आ रहा है कि इस फिल?म की लीड ऐक?ट्रेस करीना कपूर खान होंगी। राजकुमार हिरानी की इस फिल?म से शाहरुख खान और करीना कपूर खान अरसे बाद एक साथ नजर आएंगे। फिल्मफेयर की इस रिपोर्ट के बाद फैंस खासे उत?साहित हैं। सभी को इंतजार है तो बस फिल?म के बनने का। बता दें कि करीना कपूर खान जहां %गुड न?यूज% के बाद इस फिल?म का हिस?सा होंगी। वहीं साल 2018 में आई फिल?म %जीरो% के बाद शाहरुख इस फिल?म में नजर आएंगे। फिल?म %रा वन% में एक साथ नजर आए शाहरुख खान और करीना कपूर खान की जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आई थी। हालांकि इसके अलावा भी दोनों एक साथ कई फिल?मों में काम कर चुके हैं। मसलन %अशोका,% %कभी खुशी कभी गम% और %लक बाई चांस% सहित अन?य फिल?में। खबरें आ रही हैं कि शाहरुख खान और भारत फेम डायरेक्टर अली अब्बास जफर जल्द ही एक फिल्म में साथ काम करने वाले हैं। यह भी कहा जा रहा है कि फिल?म को लेकर दोनों के बीच बातचीत चल रही है। बता दें कि हाल ही में अली अब?बास जफर के 38वें जन?मदिन के मौके पर आयोजित आलीशान पार्टी में किंग शाहरुख खान बेहद खास मेहमान थे। वह रात को 1 बजे अली की पार्टी में पहुंचे और सुबह 3-30 बजे तक रुके रहे। फिल्म इंडस्ट्री में चर्चा है कि अली अब्बास की अगली फिल्म एक्शन बेस्ड होगी और इसमें शाहरुख लीड किरदार में होंगे। यूं तो बीते कुछ समय से जहां उनकी फिल?में बस ठीक-ठाक ही जा रही थीं। ऐसे में इस बार उम?मीद है कि वह किसी ब?लॉकबस?टर फिल?म का हिस?सा होंगे।



मास्को में विक्टरी डे पर करतब दिखाते हुए रुसी वायुसेना के एसयू 25 जेट विमान।

# लोगों को जोड़ता है योग, इसलिए पूरी दुनिया में लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बना : संधू

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने छठे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के समारोहों का शुभारंभ करते हुए कहा कि योग लोगों को जोड़ने वाली ताकत है और अपने शाब्दिक अर्थ को पूरा करता है। दुनियाभर के लोगों ने राष्ट्रीयता और संस्कृतियों को पार करते हुए योग के अत्यधिक फायदों को पहचाना है। पूरी दुनिया में बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। छठे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के डिजिटल समारोह के दौरान इंडिया हाउस में संधू ने कहा कि दुनिया आधुनिक दौर के सबसे बड़े स्वास्थ्य एवं आर्थिक संकट से गुजर रही है। उन्होंने कहा इसने हमारी रोजमर्रा की जिंदगी पर असर डाला है। दुनिया को योग और ध्यान की पहले से कहीं अधिक जरूरत है। योग ने भौगोलिक रूप से अलग लोगों को एक साथ लाने का हमें एक अवसर मुहैया कराया है। इस साल की थीम 'घर पर योग और परिवार के साथ योग' है। संधू ने कहा हम मौजूदा हालात के कारण बड़ी संख्या में योग प्रेमियों के साथ इसे नहीं मना पाए। तकनीक का शुक्रिया कि हम अमेरिका में हजारों लोगों से ऑनलाइन रूप से जुड़े हुए हैं। अमेरिका में योग का समर्थन कर रहे कई संगठनों और फ्रेंड्स ऑफ योग संगठन के साथ साझेदारी कर ऑनलाइन योग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अगुवाई दूतावास में भारतीय संस्कृति के शिक्षक मोक्षराज ने की। हॉलीवुड के कई सितारें डिजिटल माध्यम से योग दिवस समारोहों में शामिल हुए। संधू ने ट्वीट किया घर से योग। मशहूर अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका मैरी मिलबेन ने ट्वीट किया राजदूत, आज का सत्र शानदार रहा। संधू ने दूतावास के अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत रूप से इस सत्र में भाग लिया जबकि अमेरिका में बड़ी संख्या में लोगों ने फेसबुक और यूट्यूब पर दूतावास के सोशल मीडिया चैनलों के जरिए इसमें हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक वीडियो संदेश दिखाने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मोदी ने अपने संदेश में कहा दुनिया बड़े पैमाने पर महामारी से लड़ रही है लेकिन योग कोविड-19 से पैदा हुई कई चुनौतियों का बहुआयामी समाधान मुहैया कराता है। उन्होंने कहा योग हर किसी को कुछ देता है। इससे दिमाग मजबूत होता है और शरीर स्वस्थ बनता है।

# विवाह के बाद भारत से आने वाली महिलाओं को सात साल बाद ही मिलेगी नेपाल की नागरिकता

**-पड़ोसी ने भारत को एक और झटका देने की शुरु की तैयारी**

**काठमांडू ।** शादी के बाद पति का घर ही दुल्हन का घर हो जाता है। दुनियाभर में यह नियम लागू है कि शादी के बाद जिस देश में लड़की शादी करके जाती है वहां की नागरिकता उसे मिल जाती है, लेकिन नेपाल इसका अपवाद बनने जा रहा है। नेपाल में भारतीय से ब्याह कर आने वाली लड़कियों को नागरिकता के लिए 7 साल इंतजार करना होगा। भारत से सीमा विवाद के बीच नेपाल की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक में नागरिकता नियमों में बदलाव का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनी है कि सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के पास दो तिहाई बहुमत है, इसलिए यह कानून नेपाली संसद में आसानी से पास हो जाएगा। यह विधेयक संसद में पेश करने के पहले ओली सरकार इस मुद्दे पर सभी दलों की सहमति हासिल करने का प्रयास कर रही है। बदलाव के तह जब कोई भारतीय लड़की नेपाली युवक से शादी करेगी तो उसे उसके साथ सात वर्ष लगातार रहने के बाद ही नेपाल की नागरिकता मिलेगी। इसमें भी यह शर्त जोड़ी गई है कि लड़की जबतक भारत की नागरिकता छोड़ने का प्रमाण नहीं देगी, उसे नेपाल की नागरिकता नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही अहम पदों पर उनकी नियुक्ति को भी प्रतिबंधित किया गया है। नेपाली गृहमंत्री राम बहादुर थापा ने बताया नियम में बदलाव का प्रस्ताव भारत को ध्यान में रखकर लिया गया है। बदलाव के तहत जब कोई भारतीय लड़की नेपाली युवक से शादी करेगी तो उसे उसके साथ सात वर्ष लगातार रहने के बाद ही नेपाल की नागरिकता मिलेगी। बीते हफ्ते नेपाल में बिहार की एक बेटी से मिलने जाते वक्त सीतामढ़ी सीमा पर नेपाली जवानों की भारतीयों से झड़प हो गई थी। इसमें दो भारतीयों की जान भी चली गई थी। जबकि लड़की के रिश्तेदार को नेपाल पुलिस ने 24 घंटे हिरासत में रखा था। नेपाली गृहमंत्री ने यह दावा तो कर दिया है कि भारत विदेश महिला को शादी के सात साल बाद नागरिकता देता है। हालांकि हकीकत यह है कि नेपाल से आने वाली बहू पर भारत में यह नियम लागू नहीं है।

## कोरोना के दूसरे घातक दौर से गुजर रही दुनिया, यूरोप में दूसरी वेव का डर : डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोविड-19 के दूसरे घातक चरण की शुरूआत तो लेकर एक बार फिर से आगाह किया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि इस समय यूरोप पर कोरोना महामारी के दूसरे दौर का खतरा मंडराने लगा है। क्षेत्रीय दफ्तर ने पूर्वी यूरोपीय देशों में कोरोना के नए मामले बढ़ने पर खतरे की घंटी बजाते हुए कहा कि वह इससे चिंतित है। दुनिया इस समय कोरोना वायरस के सबसे खतरनाक अवस्था से गुजर रही है। मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। गुरुवार को डेढ़ लाख नए मामले सामने आए, जिसमें करीब आधे मामले अमेरिकी महाद्वीप में मिले। डब्ल्यूएचओ मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एधनोम घेब्रेयेसस ने बताया, वायरस अभी भी तेजी से फैल रहा है, बहुत खतरनाक बना हुआ है और अत्यधिक लोग अतिसंवेदनशील हैं।

# कोरोना संकट से निपटने के लिए 2.41 अरब डॉलर के कर्ज भुगतान को टालेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** कोविड19 के प्रकोप से जूझ रहे पाकिस्तान ने इस समस्या के निवारण के लिए उसने 2.41 अरब डॉलर के कर्ज भुगतान को टालने का फैसला किया है। पाकिस्तान 2020 में ऋण भुगतान स्थगन पहल (डीएसएसआई) के तहत अपने 2.41 अरब डॉलर के कर्ज के भुगतान के लिए नई समयसारिणी बनाएगा। यानी वह इस कर्ज का भुगतान बाद में करेगा। विश्व बैंक का मानना है कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश को कोविड-19 से प्रभावी तरीके से



निपटने में मदद मिलेगी। रविवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान को 2020 में कुल 8.9 अरब डॉलर के कर्ज का भुगतान करना है। विश्व बैंक का कहना है कि यदि पाकिस्तान 2.4 अरब डॉलर के कर्ज के भुगतान को आगे के लिए टालता है तो इससे देश को 2020 में सिर्फ 6.5 अरब डॉलर के कर्ज का भुगतान करना होगा। इससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 0.9 प्रतिशत की बचत होगी। विश्व बैंक ने बयान में कहा कि इस पहल से देश प्रभावी तरीके से संकट से निपट सकेगा। कोविड-19 संकट के बीच इससे पाकिस्तान को सामाजिक, स्वास्थ्य और आर्थिक क्षेत्रों में खर्च बढ़ाने में मदद मिलेगी। हालांकि, डीएसएसआई के तहत कर्ज का भुगतान रद्द नहीं होता है। इसके सिर्फ आगे की तिथि के लिए टाला जा सकता है। स्थगन अवधि एक मई से शुरू होकर 2020 के अंत तक रहेगी।

# सनकी तानशाह की शह पर बहन ने साउथ कोरिया के राष्ट्रपति को पागल कह दिया

**प्योंगयांगड्ड।** नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की शह पर उनकी बहन किम यो जोंग साउथ कोरिया के खिलाफ कुछ भी करने और बोलने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र हैं।वहां साउथ कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-उन को कुछ भी कह देती हैं और किसी भी तरह का एक्शन ले सकती हैं। तानशाह की बहन ने साउथ कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन को पागल कह दिया है। यो किम के बच्चे अभी छोटे हैं,वहां सत्ता नहीं संभाल सकते हैं,इसके बाद अब किम अपनी बहन को ही तमाम तरह के अधिकार देकर उन्हें विकल्प के तौर पर प्रोजेक्ट कर रहे हैं। बीते अप्रैल माह में जब किम कई दिनों के लिए अचानक से गायब हो गए थे,तब उनकी बहन ही सारी चीजों को देख रही थीं।वहां ही सरकारी और निजी कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर बयान भी जारी कर रही थीं। बीते दो साल से



जोंग का बयान उस समय आया है जब दोनों देशों के बीच तनातनी काफी बढ़ी हुई है। सीमाओं पर सैनिक तैनात कर दिए गए हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय इन दोनों देशों के आमने-सामने आने से परेशान है। दरअसल तानाशाह किम जोंग उन अपनी बहन किम यो जोंग को अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहते हैं, इसकारण उनकी बहन अपने कट्टर दुश्मन देश साउथ कोरिया के राष्ट्रपति के खिलाफ शब्दों के बाण छोड़ती रहती है। दरअसल किम जोंग अपनी बहन किम यो को तमाम अंतरराष्ट्रीय बैठकों में भी अपने साथ लेकर जा चुके हैं।वहां राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए गए थे तो भी बहन उनके साथ मीटिंग में खड़ी थीं। इससे पहले साल 2018 में जब साउथ कोरिया में शीतकालीन ओलंपिक गेम्स हुए थे तो किम की बहन ही वहां गई थीं, उस समय ऐसा माना जा रहा था कि अब दोनों देशों के बीच तनाव पूरी तरह से खत्म हो जाएगा मगर वो कुछ समय तक ही रहा।



वाशिंगटन में अमेरिकी नेशनल पार्क सर्विस के सदस्य कंफडरेट जनरल अल्बर्ट पाइक के स्टेच्यू को हटाते हुए। इस स्टेच्यू को प्रदर्शनकारियों ने गिरा दिया था।

# साउथ कोरिया में कोरोना संक्रमण के 48 नये केस

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस के संक्रमण के चार दर्जन (48) नये केस सामने आए हैं। वायरस की रोकथाम में बहुत मुश्किल से मिली सफलता पर संक्रमण के फिर से जोर पकड़ने के कारण पानी फिरने की आशंका है और स्वास्थ्य अधिकारी इसे काबू करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कोरिया रोग नियंत्रण एवं बचाव केंद्र (केसीडीसी) द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में संक्रमण के कुल मामले 12,421 हैं, जिनमें से 280 लोगों की मौत हो चुकी है। केंद्र ने बताया कि नये मामलों में से 24 मामले घनी आबादी वाले सियोल महानगरीय क्षेत्र से सामने आए हैं, जो मई के अंत के बाद से देश में संक्रमण के प्रकोप का केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा 10 अन्य मामले दाएजियोन शहर से सामने आए हैं, जो इस बात का संकेत है कि वायरस अब बड़े पैमाने पर फैल रहा है।

# लद्दाख में सीमा विवाद संवेदशील मुद्दा इसका शांतिपूर्ण हल निकालें भारत-चीन : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा पर जारी तनाव को कम करने की खातिर अमेरिका दोनों देशों से बात कर रहा है। ओकलाहोमा में कोविड-19 संकट के बीच अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करने जाने के लिए मरीन वन पर सवार होने से पहले ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत में कहा यह बहुत ही मुश्किल स्थिति है। मैंने भारत और चीन दोनों से बातचीत के माध्यम से इस मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया है। भारत और चीन के बीच बने हालात को लेकर ट्रंप से उनके आकलन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा वहां उनके बीच टकराव है। देखते हैं क्या होता है। हम उनकी मदद



करने का प्रयास करेंगे। बीते कुछ दिन से पूरा ट्रंप प्रशासन पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारतीय क्षेत्र में चीन की सेना की अवैध घुसपैठ के मामले में भारत के पक्ष में खड़ा नजर आया है। इस सप्ताह की शुरुआत में लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सेना की घुसपैठ के बाद दोनों ओर के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प में भारत के 20 सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। अमेरिकी खुफिया सूत्रों के मुताबिक इस झड़प के दौरान भारतीय जवानों ने चीन के 35 से अधिक सैनिकों को मार दिया। अमेरिका ने चीन पर भारत समेत अन्य पड़ोसियों के साथ सीमा पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि चीन वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से लड़ रहे इन देशों के वर्तमान हालात का फायदा उठाना चाहता है।

2017 में हेडिंग्ले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाये थे।

# इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले वाली पारियां दोहराना चाहते हैं होप

**मैनचेस्टर।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शाई होप ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में वह साल 2017 में खेले गसे हेडिंग्ले टेस्ट जैसी बल्लेबाजी करना चाहेंगे। होप ने साल 2017 में हेंडिग्ले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाये थे। इससे वेस्टइंडीज ने इस मैच में 322 रनों से जीत दर्ज की थी। हालांकि इसके बाद होप टेस्ट मैचों में और शतक नहीं लगा पाए थे। होप ने अगले 8 जुलाई से शुरू होने वाली सीरीज से पहले कहा, 'मुझे अपने पर भरोसा रखने की जरूरत है क्योंकि मैं जानता हूं कि मैं ऐसा करने




में सक्षम हूं। ऐसा नहीं है कि मैंने पहले अच्छी बल्लेबाजी नहीं की है।'कारोना महामारी के बाद यह पहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज होगी। होप ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि वह जैव सुरक्षित वातावरण में फिर से वेस्टइंडीज के लिए बड़ी पारियां खेलने में सफल रहेंगे। उन्होंने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, हालांकि टेस्ट मैचों में वह अब तक निरंतर रन नहीं बना पाये हैं पर इस बार उनका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर अपने रिकॉर्ड को ठीक करना है। उन्होंने कहा, 'लाल गेंद से क्रिकेट खेलना मुझे बहुत पसंद है, पर रन और रिकॉर्ड वैसा नहीं है जैसा हम चाहते हैं। मैं इस पर काम रहा हूं। मैं अभी किसी चीज को गलत नहीं कह सकता क्योंकि मैं ऐसा नहीं कहूंगा कि मैंने अलग तरह से तैयारियां की हैं।'

## सहयोगी स्टाफ की कमी से खिलाड़ियों पर प्रभाव नहीं : लैंगर

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा है कि सहयोगी स्टाफ की संख्या कम होने से खिलाड़ियों पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी कोच रहे ग्रीम हिक को बुधवार को कोचिंग स्टाफ की सूची से हटा दिया। कोरोना महामारी के चलते आये आर्थिक संकट को देखते हुए क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने जिन 40 लोगों को निकाला




है उनमें हिक भी शामिल हैं। लैंगर ने कहा, ''कोई भी मेरी यह आलोचना नहीं कर सकता कि मैं काम करने के लिए तैयार नहीं रहता। निश्चित तौर पर हमारे साथ कम स्टाफ है पर इसके बावजूद खिलाड़ियों को हमारा अच्छा समर्थन मिलेगा।'' लैंगर ने कहा कि हिक को उनके हटाए जाने के बारे में बताना बिना हेलमेट के कर्टली एंब्रोस और कर्टनी वाल्श का सामना करने की तरह था। उन्होंने कहा, ''इसमें कोई संदेह नहीं हैं कि वह शानदार व्यक्ति है। आप हिक से अधिक काम के प्रति ईमानदार व्यक्ति से नहीं मिल सकते। काम के प्रति उसकी निष्ठा अविश्वसनीय है, खेल के प्रति उसका ज्ञान अविश्वसनीय है, इसलिए निश्चित तौर पर यह मुश्किल फैसला था।'' वहीं लैंगर ने संकेत दिए कि पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और स्टीव वॉ बड़ी श्रृंखलाओं के लिए टीम के साथ जुड़ सकते हैं।

## धोनी से प्रभावित रहे हैं अश्विन

**चेन्नई।** अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का उनके करियर पर 'गहरा



प्रभाव' रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने शुरुआती वर्षों में वह धोनी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करना चाहते थे। अश्विन को आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने साल 2008 में अपने साथ जोड़ा था। अश्विन के अनुसार सीएसके के साथ बिताए समय ने उनके करियर को नहीं दिशा दी है। अश्विन ने कहा, ''आईपीएल और सीएसके ऐसा मंच है जिसे सभी हासिल करना चाहते हैं। मेरे लिए यह पहचान बनाने का एक जरिया था। उस समय किसी को भी मेरे बारे में पता नहीं था। अश्विन ने कहा कि सीएसके की कप्तानी करने वाले धोनी का उनके ऊपर 'गहरा प्रभाव' रहा और उन्हें प्रभावित करने का एकमात्र तरीका उनको नेट पर परेशान करना था। उन्होंने कहा, ''मैंने मैथ्यू हेडन, जेकब ओरम और स्टीफन फ्लेमिंग का ध्यान नेट पर गेंदबाजी करते हुए अपनी ओर खींचा था। पहले साल (2008 में) उन्हें मेरा सामना करने में परेशानी हो रही थी पर मैं धोनी का ध्यान नहीं खींच पाया।'' अश्विन ने कहा, ''मेरी उनसे कभी लंबी बात नहीं हुई। इसके लिए मुझे नेट पर धोनी को आउट करना था। वह मुरलीधरन पर छक्के मार रहा था और मैंने सोचा कि अगर मैं उससे बेहतर गेंदबाजी करूंगा तो मुझे मुरली पर तवज्जो मिल सकती है।''इसके बाद मैंने चैलेंजर ट्रॉफी के दौरान धोनी को आउट करने उनका ध्यान खींचा।

### इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटरों का दो बार होगा कोरोना परीक्षण

**कराची।** इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटरों और सहयोगी स्टाफ का 28 जून को विशेष विमान से रवाना होने से पहले तीन दिन के अंदर दो बार कोरोना के लिए परीक्षण किया जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्रों के अनुसार पहला परीक्षण सोमवार को, जबकि दूसरा परीक्षण क्रिकेटरों के लाहौर में एकत्रित होने के बाद बुधवार को होगा। सूत्रों ने कहा,पहला परीक्षण खिलाड़ियों और अधिकारियों के संबिधित शहरों में किया जाएगा। खिलाड़ी बुधवार को लाहौर में इकट्ठा होना होगा, जहां बोर्ड ने उनके लिए एक पंचतारा होटल में जैव सुरक्षित तल तैयार किया है। वे विशेष विमान से रवाना होने से पहले पृथकवास में रहना होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षण लाहौर में किया जाएगा और अगर कोई खिलाड़ी या अधिकारी कोविड-19 से संक्रमित पाया जाता है, वह इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाएग ा। सूत्रों ने कहा, ''यही वजह है कि बोर्ड ने दौरे के लिए रिजर्व खिलाड़ियों का भी चयन कर रखा है। ''मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता मिसबाह उल हक ने दौरे के लिये 29 सदस्यीय टीम का चयन किया है।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी बनना चाहते हैं स्ट्रास

**मेलबर्न।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रास भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी बनना चाहते हैं। हाल में केविन राबर्ट्स के इस्तीफे के बाद से ही यह पद खाली हुआ है। सीए कोरोना वायरस महामारी फैलने के बाद से ही आर्थिक संकट से गुजर रहा है। इसी से निपटने में असफल करने के कारण राबर्ट्स को राबर्ट्स ने अप्रैल में ही सीए का 80 फीसदी स्टाफ कम कर दिया था। उन्होंने प्रांतों की अनुदान राशि में भी कमी कर दी थी और वह खिलाड़ियों के साथ नये भुगतान करार पर काम कर रहे थे। राबर्ट्स के कुछ फैसलों की कड़ी आलोचना भी हुई। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार स्ट्रास इससे पहले 2015 से 2018 तक इंग्लैंड एवं वेल्स



क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के निदेशक रहे हैं। राबर्ट्स के इस्तीफे के बाद अभी निक हॉकले अंतरिम रुप से मुख्य कार्यकारी बनाये गय हैं पर सीए इस काम के लिए किसी पूर्णकालिक मुख्य कार्यकारी की तलाश कर रहा है। स्ट्रास ने 100 टेस्ट में 7037 रन और 127 एकदिवसीय में 4205 रन बनाये। उन्हें इंग्लैंड क्रिकेट की सेवाओं के लिये नाइट की उपाधि से भी सम्मानित किया गया है। स्ट्रास की उम्मीद्वारी पर लोगों की मिश्रित प्रतिक्रिया हो सकती है क्योंकि उन्होंने 2005, 2009 और 2010-11 के एशेज अभियान में इंग्लैंड की तरफ से अहम भूमिका निभायी थी। दक्षिण अफ्रीका में जन्में इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने ईसीबी निदेशक के रूप में इंग्लैंड क्रिकेट की संस्कृति को बदलने में भी अहम भूमिका निभायी।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज के कारण सेंसेक्स 524 अंक चढ़ा, निफ्टी 10,200 अंक के पार

**मुंबई।** शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में उछाल और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच विदेशी कोषों का प्रवाह बढ़ने से सेंसेक्स 524 अंक चढ़ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान एक समय 640.32 अंक तक चढ़ा। अंत में यह 523.68 अंक की बढ़त के साथ 34,731.73 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 152.75 अंक की बढ़त से 10,200 अंक के पार 10,244.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर सात प्रतिशत चढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में छह प्रतिशत का लाभ रहा। मुकेश अंबानी ने कहा है कि उनकी प्रमुख कंपनी अब पूरी तरह से ऋणमुक्त हो चुकी है। पिछले दो माह के दौरान कंपनी ने 1.69 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे दिन में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 1,788.60 रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। अंत में कंपनी का शेयर 1,759.50 रुपये पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा एचडीएफसी के शेयरों में गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि शेयर आधारित गतिविधियों, वैश्विक बाजारों में मजबूती तथा विदेशी कोषों के ताजा प्रवाह से बाजार धारणा मजबूत हुई। अर्थव्यवस्थाओं को खोलने से धारणा सकारात्मक रही। इससे अमेरिका और चीन में कोविड-19 के नए मामले आने के बावजूद बाजारों में तेजी रही।'' चीन का शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरियो का कॉस्पी तथा जापान का निक्की लाभ में रहे। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार भी लाभ में चल रहे थे।

# कच्चे तेल की रिफाइनिंग क्षमता बढ़ेगी, 10 साल में दोगुनी हो जाएगी भारत की क्षमता

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोलयम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तेजी से कच्चे तेल की रिफाइनिंग क्षमता को बढाया जा रहा है। पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का कहना है कि 2030 तक भारत की रिफाइनिंग क्षमता सालाना 45 से 50 करोड़ टन हो जाएगी। प्रधान ने दावा किया है कि महाराष्ट्र के रत्नागिरी में सालाना 6 करोड़ टन क्षमता की रिफाइनरी के निर्माण का काम भी जल्दी शुरू हो जाएगा। देश के पास अभी सालाना 24.99 करोड़ टन की रिफाइनिंग क्षमता है जबकि पिछले वित्त वर्ष में देश में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत 21.37 करोड़ टन रही थी। देश में पेट्रोलियम उत्पादों की मांग 2030 में सालाना 33.5 करोड़ टन और 2040 में 47.2 करोड़ टन पहुंचने का अनुमान है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए देश को रिफाइनिंग क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। प्रधान का कहना है कि




देश में रिफाइनिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए ब्राउनफील्ड और ग्रीनफील्ड परियोजनाओं का सहारा लिया जाएगा। यानी मौजूदा रिफाइनरियों की क्षमता का विस्तार किया जाएगा और साथ ही नई रिफाइनरियां भी लगाई जाएंगी। रत्नागिरी में नई रिफाइनरी लगाने के लिए सऊदी अरब की कंपनी सऊदी अरामको और यूएई की कंपनी एडीएनओसी ने निवेश किया है। इन दोनों की इसमें 50 फीसदी हिस्सेदारी है जबकि आधी हिस्सेदारी भारत की सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की है। इसके अलावा राजस्थान के बाड़मेर में भी एक नई रिफाइनरी स्थापित की जा रही है। इसमें एचपीसीएल और राजस्थान सरकार की संयुक्त हिस्सेदारी है। इस रिफाइनरी की सालाना रिफाइनिंग क्षमता 90 लाख टन है। इसके अलावा पानीपत, पारादीप और कोयाली रिफाइनरियों की क्षमता का भी विस्तार किया जा रहा है। लेकिन दावे और हकीकत में फर्क होता है।

